Dainik Samarat | जयपुर | सोमवार, 2 नवम्बर, 2026 | कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी विक्रम संवत - 2083 | मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 8 | वर्ष : 2 | अंक : 56



@pg-8

आप पढ़ रहे हैं निष्पक्ष, निर्भीक, निडर समाचार पत्र

दैनिक सम्राट

www.dainiksamrat.in

दैनिक सम्राट में खबरें प्रकाशित करवाने के लिए वाट्सअप नं. पर खबरें भेंजे...
9460004756

दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली, कहा- 'वोट चोरी' पर ज्ञानेश कुमार को जाना पड़ेगा जेल

ज्ञानेश कुमार के साथ-साथ मोदी-शाह भी नहीं बचेंगेः राहुल गांधी

दैनिक सम्राट संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। विपक्ष के तमाम बड़े नेताओं ने दो दिन से दिल्ली में डेरा डाल रखा है। शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के घर विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जनमहाभियोग पास किया तो रविवार को सोनिया समेत राहुल, प्रियंका, अखिलेश, ममता और तेजस्वी बाकी नेताओं के साथ रामलीला मैदान पहुंचे। करीब चार घंटे चले इस कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा- मेरी बात सच होगी, ज्ञानेश कुमार सीईसी के पद से हटेंगे और जेल जाएंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और विपक्ष को डराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वहीं, पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने एसआईआर और मतगणना को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने भी कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाया।

राहुल बोले- ज्ञानेश कुमार सीईसी पद से हटेगा

रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक की रैली में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार, चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा कि यह किसी एक राजनीतिक दल या नेता की आवाज नहीं है। यह देश के युवाओं, किसानों और मजदूरों की आवाज है। उन्होंने कहा कि हम हिंदुस्तान में लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देंगे। संविधान को नष्ट नहीं होने देंगे।

राहुल ने कहा कि मैं स्टेज से कहना चाहता हूं। मैं जो कहता हूं वो होता है न। मैंने कोविड-19 के बारे में बोला, सच हुआ। मैं आपको स्टेज से कह रहा हूं कि ज्ञानेश कुमार सीईसी पद से हटेगा। ज्ञानेश कुमार हिंदुस्तान में जेल जाएगा। और अगर यह आम चोरी नहीं है कि किसी ने दुकान से थोड़ी सी छोटी चोरी कर ली। उसके लिए जेल होती है। इन्होंने नॉर्मल चोरी नहीं की है। यह हिंदुस्तान के हर नागरिक के आवाज की चोरी है। इसको कानूनी गलियारों में रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस कहते हैं। इसे देशद्रोही कहते हैं, इसे ट्रीजन कहते हैं और ज्ञानेश कुमार के बिना न नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनता, न अमित शाह गृह मंत्री बनता। ये दोनों भी नहीं बचेंगे। आरएसएस इस देश की सारी संस्थाओं को कैप्चर कर लिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सीबीआई, ईडी, न्यायपालिका, नौकरशाही, पुलिस सारी की सारी संस्थाएं, जो आपकी हैं, वह नरेंद्र मोदी, अमित शाह, आरएसएस की नहीं, युवाओं की संस्थाएं हैं। वह इन्होंने कैप्चर कर रखी हैं।

राहुल गांधी ने कहा, (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह, ज्ञानेश कुमार को आपने संदेश भेजना था, संदेश भेज दिया है। यह किसी एक राजनीतिक दल की आवाज नहीं है। यह सिर्फ नेताओं की आवाज नहीं है। यह हिंदुस्तान के युवाओं की आवाज है।

मोदी और शाह को भी परिणाम भुगतने की चेतावनी

कांग्रेस नेता ने कहा कि केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी संविधान और लोकतंत्र पर कथित हमले के परिणाम भुगतने होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि जब तक इन नेताओं को उनके कामों के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जाता, तब तक विपक्ष अपनी लड़ाई जारी रखेगा। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव और कई विधानसभा चुनावों में भी कथित धांधली का मुद्दा उठाया।

खरगे बोले- मोदी को हटाएंगे, तभी बचेगा लोकतंत्र

रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र में चोरी सरकारें हैं। भाजपा को सत्ता से बेदखल किए बिना हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी हमें डराने के लिए ईडी जैसी सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं क्योंकि हम सभी जानते हैं कि कैसे लड़ना है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- पीएम मोदी हमें बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वह लोगों के वोट छीनने की कोशिश कर रहे हैं। रामलीला मैदान की रैली में कहा मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- अगर मोदी जाएंगे तो ही लोकतंत्र बच सकता है।

अखिलेश बोले- यूपी में 1.27 करोड़ वोट काटे गए

समाजवादी पार्टी के सांसद और अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, जबसे यह तय हुआ है कि रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन एकजुट होकर उन तमाम लोगों को जिन लोगों ने लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है, उनके खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। तबसे सामने आ रहा है कि जनता हमारे साथ जुटना चाहती है। अगर मैं यह कहूं कि एक करोड़ 27 लाख वोट कटे हैं, उसका गणित हम लगा दें 403 विधानसभाओं का तो हर विधानसभा में वोट कम हुए हैं। जो लोग तय कर के आए हैं कि अंगद का पैर है, वे जानते हैं कि जमीन ही नहीं बची है तो पैर कहां रखोगे। जो लोग दावा करते थे कि डबल इंजन की सरकार है, उन्हें काशी की जनता ने जवाब दिया है। वे एक बार एक हार से संतुष्ट नहीं थे।

ममता बोलीं- ईवीएम लूटा, लोकतंत्र-संविधान लूटा

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने रामलीला मैदान से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगा। ममता ने कहा हम हारे नहीं, हराए गए हैं।' उन्होंने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर आरोप लगाया कि राज्य इसके कारण प्रभावित हुआ है। ममता ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर मतगणना को हाईजैक करने का आरोप भी लगाया और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ममता बनर्जी ने दावा किया कि एसआईआर की प्रक्रिया भाजपा की मदद करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

दिल्ली में विपक्ष की रैली के खिलाफ भाजपा का मार्च

राहुल गांधी विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम कर रहेः नितिन नवीन

1 नवम्बर को सिखों का नरसंहार हुआः नड्डा



दैनिक सम्राट संवाददाता

नई दिल्ली। इंडिया ब्लॉक की रामलीला मैदान में रैली के विरोध में भाजपा ने आज दिल्ली समेत देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च निकाला। दिल्ली में हरि नगर से तिलक नगर तक करीब एक किमी लंबा मार्च निकाला गया। इसमें 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवार और सिख समुदाय के लोग शामिल हुए। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने रामलीला मैदान में एसआईआर के खिलाफ रैली के लिए 1 नवंबर का दिन जानबूझकर चुना है। 1 नवंबर 1984 को सिख विरोधी हिंसा हुई थी।

वहीं, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने हरियाणा के रोहतक में रैली निकाली। उन्होंने कहा कि वोट चोरी कांग्रेस की विरासत है। ये वोट चोरी भी करते हैं और जनता के वोट का अपमान भी करते हैं। राहुल गांधी विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज सिख विरोधी हिंसा के पीड़ितों को याद करना चाहिए था लेकिन राहुल गांधी उन्हें भूलकर रामलीला मैदान में अपनी राजनीति चमका रहे हैं।

राहुल विदेश जाकर भारत का अपमान करते हैं

जेपी नड्डा ने कहा कि त्योहारों का सीजन है। साल भर व्यापारी इंतजार करते हैं कि त्योहारों में दो पैसे कमाई होगी। लेकिन राहुल को इनकी परवाह नहीं। सीटीआई ने चार-चार बार उन्हें चिट्ठी लिखकर गुहार लगाई कि इतना बड़ा प्रदर्शन मत करिए लेकिन राहुल के तमाशे के कारण 10 हजार करोड़ का नुकसान होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के कारण उनका धंधा बंद हो गया है। इंडिया ब्लॉक के भाइयों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप भी इस पाप में साझेदार है। क्या आप भाजपा से नफरत करते करते देश की जनता से भी नफरत करने लगे हैं। नड्डा ने कहा कि राहुल विदेश जाकर भारत का अपमान करते हैं। क्या यही आपका एजेंडा है। भारत की जनता आपके झांसे में नहीं आएगी। आप दिल्ली के व्यापारियों का हिसाब देने से नहीं बच सकते। जेपी नड्डा ने कहा कि आज के दिन कांग्रेस के गुंडों ने हमारे बेगुनाह सिपाहियों का कत्लेआम किया था। हजारों बहनें विधवा हो गईं थीं। गांधी परिवार ने आज तक सिख परिवार से दिल से माफी तक नहीं मांगी। राहुल ने सिखों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। जब उन शहीदों और पीड़ितों को याद करना चाहिए था, तब राहुल रामलीला मैदान में अपनी राजनीति चमका रहे हैं।

राहुल विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम कर रहे

नितिन नवीन ने कहा- राहुल गांधी विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम कर रहे हैं। वे विदेशी ताकतों के इशारे पर देश के लोकतंत्र को चुनौती देना चाहते हैं। देश की 140 करोड़ जनता देख रही है, उसे मालूम है कि ये कौन लोग हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने विदेशों में अराजकता फैलाई। कांग्रेस के लोग कहते हैं कि सत्ता बदल देंगे। अरे ये जनता के वोट से बनी सरकार है, इसका कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। नितिन नवीन ने कहा कि राहुल गांधी को देश की 140 करोड़ जनता पर विश्वास नहीं है, उन्हें 3 करोड़ घुसपैठियों पर विश्वास है। राहुल गांधी आपकी मंशा क्या है? लोकतंत्र में सबसे बड़ा वोट होता है, जनता का वोट। और जनता ने जब-जब वोट दिया है, आप हारे हैं।

अब वाट्सएप पर ही मिलेगा पीएफ बैलेंस और पासबुक का पूरा ब्योरा

ईपीएफओ ने शुरू की नई सेवा

दैनिक सम्राट संवाददाता

नई दिल्ली। नौकरीपेशा लोगों को अपना भविष्य निधि (पीएफ) बैलेंस देखने या खाते की जानकारी लेने के लिए अब ईपीएफओ कार्यालय जाने की जरूरत कम पड़ेगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की वाट्सएप सेवा शुरू की। इसके जरिए सदस्य अपने मोबाइल पर पीएफ खाते का बैलेंस, पिछले पांच लेनदेन और पासबुक की जानकारी हासिल कर सकेंगे। हालांकि, मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में पात्रता के विस्तृत मानदंडों या वाट्सएप के जरिए उपलब्ध सेवाओं की पूरी सूची का उल्लेख नहीं है। पीटीआई के अनुसार, ईपीएफओ की 74वीं स्थापना वर्षगांठ पर शुरू की गई इस सुविधा का मकसद सदस्यों के लिए रोजमर्रा की सेवाएं आसान बनाना है। श्रम मंत्रालय के अनुसार, सदस्य प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए भी व्यक्तिगत मार्गदर्शन और सहायता ले सकेंगे।

ऐसे उठा सकेंगे सेवा का लाभः विज्ञप्ति के अनुसार, सदस्यों को सबसे पहले ईपीएफओ की आधिकारिक वेबसाइट ईपीएफइंडिया डाट जीओवी डाट इन पर अपने क्षेत्रीय कार्यालय का सत्यापित वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर देखना होगा। इसके बाद उस नंबर को वाट्सएप पर खोलकर 'हैलो' संदेश भेजकर बातचीत शुरू की जा सकती है। उपलब्ध विकल्पों के अनुसार आगे बढ़कर खाते से जुड़ी जानकारी मांगी जा सकेगी।

आर्थिक असमानता भी घटी, 6 साल में रोजगार के 13.4 करोड़ मौके बने

12 साल में 49 करोड़ लोग गरीबी से निकले, सरकार का पक्का संकल्पः मोदी

दैनिक सम्राट संवाददाता



नई दिल्ली। पीएम मोदी ने कहा कि 2011 से 2023 के बीच भारत में 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। इस दौरान देश में अत्यधिक गरीबी की दर 90 प्रतिशत तक कम हुई। मोदी ने वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि गरीबी खत्म करना सरकार के लिए सिर्फ नारा नहीं, बल्कि पक्का संकल्प है।

मोदी ने यह भी कहा कि पिछले 6 साल में रोजगार के 13.4 करोड़ नए अवसर बने हैं। यह संख्या कामकाजी उम्र की आबादी में हुई बढ़ोतरी से करीब दोगुनी है। उन्होंने देश में आर्थिक असमानता कम होने की बात भी कही। प्रधानमंत्री ने ये आंकड़े इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए साझा किए।

पीएम बोले- गरीबी खत्म करना सरकार के लिए सिर्फ एक नारा नहीं

वर्ल्ड बैंक ने अक्टूबर में इंडिया पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ नाम से रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर 2011 में 27.1 प्रतिशत थी, जो 2023 में घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई।

मोदी ने कहा कि वर्ल्ड बैंक के मुताबिक भारत में दुनिया में सबसे तेजी से गरीबी कम हुई है। उन्होंने आर्थिक असमानता मापने वाले गिनी इंडेक्स का भी जिक्र किया। उनके मुताबिक, इसमें 20 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई है और यह घटकर 23.0 पर पहुंच गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, रोजाना करीब 400 रुपए (4.20 डॉलर) से कम कमाने वाले लोगों की आबादी 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत रह गई है। अनुमान है कि 2028 तक यह आंकड़ा 12.1 प्रतिशत हो जाएगा।

रहन-सहन और बुनियादी सुविधाओं में भी सुधार

गरीबी में कमी सिर्फ कमाई तक सीमित नहीं रही। लोगों के रहन-सहन और बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच में भी सुधार हुआ है। अब पहले के मुकाबले ज्यादा लोगों के पास पक्के मकान, बिजली, साफ पानी, शौचालय और रसोई गैस जैसी सुविधाएं हैं।

ऑक्सफोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, 2005-06 में देश की 53.8 प्रतिशत आबादी इन बुनियादी सुविधाओं से वंचित थी। 2019-21 तक यह आंकड़ा घटकर 16.4 प्रतिशत रह गया। वहीं, वर्ल्ड बैंक के पैमाने के अनुसार 2022-23 में नॉन-मॉनेटरी गरीबी घटकर 15.5 प्रतिशत रह गई।

आज से होंगे कई बदलाव, कॉलर के नाम से लेकर फासटैग में होगा फेरबदल

कॉमर्शियल सिलेंडर 17 रुपए तक महंगा, ट्रांसपोर्ट और टेलिकॉम में हुआ बदलाव

दैनिक सम्राट संवाददाता

नई दिल्ली। नई दिल्ली में कॉमर्शियल सिलेंडर 1 नवंबर से 17 रुपए तक महंगा हो गया है। अब आपके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आने पर नंबर के साथ कॉलर का असली नाम भी दिखेगा। टोल प्लाजा के 20 किमी के दायरे में रहने वाले वाहन मालिकों को 1 साल का लोकल फास्टैग पास मिलेगा।

नवंबर 2026 में सिलेंडर, टेलिकॉम, ट्रांसपोर्ट और इन्वेस्टमेंट से जुड़े ऐसे ही 5 बदलाव हो रहे हैं। इन्हें आसान भाषा में नीचे समझाया गया है।

कॉमर्शियल सिलेंडर 17 रुपए तक महंगा

तेल कंपनियों ने दिवाली से पहले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 17 रुपए तक महंगा कर दिया है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च मामूली बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ता महंगा कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग



भी महंगी हो सकती है। नई रेट लिस्ट के मुताबिक, जयपुर में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 2837.50 रुपए के बजाए अब 2847 रुपए में मिलेगा। जयपुर में लगभग 9 रुपए बढ़े हैं।

फोन पर अनजान कॉलर का असली नाम दिखेगा

आज से आपके फोन पर जब भी किसी अनजान नंबर से कॉल आएगा, तो स्क्रीन पर नंबर के साथ उस व्यक्ति का असली नाम भी दिखेगा। यह नाम वही होगा जो उसने सिम खरीदते समय सरकारी आईडी (जैसे आधार) में दिया था। इसके लिए आपको कोई थर्ड पार्टी एप डाउनलोड या सर्विस शुरू करने की जरूरत नहीं होगी, यह अपने-आप काम करेगी। दूरसंचार विभाग ने सभी टेलीकॉम कंपनियों के लिए इस नियम को लागू करना अनिवार्य कर दिया है।

20 किमी दायरे में रहने वालों के लिए फास-टेग का लोकल पास

टोल प्लाजा के 20 किमी के दायरे में रहने वाले निजी वाहन मालिकों को हर बार टोल टैक्स देने से राहत मिलेगी। सरकार ने 1,500 या 3,000 की तय फीस में पूरे 1 साल का लोकल फास्टैग पास देने का नया नियम आज से लागू कर दिया है। टोल प्लाजा के आसपास रहने वालों का हर महीने टोल पर होने वाला बड़ा खर्च बचेगा। अब उन्हें बार-बार टोल कटवाने की टेंशन नहीं होगी और पूरे साल सिर्फ एक बार पास की तय फीस देकर आसानी से सफर कर सकेंगे।

मोबाइल टूटने से नाराज बेटी ने की पिता की हत्या की, गिरफ्तार

दैनिक सम्राट संवाददाता

सूरत। सूरत के अमरोली थाना क्षेत्र के कोसाड आवास इलाके में रिश्तों को तार-तार कर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है। घरेलू विवाद के दौरान मामूली बात पर तैश में आई एक 22 वर्षीय युवती ने अपने ही पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। गुस्से में बेटी ने पहले कुकर के ढक्कन से पिता के सिर पर वार किया और फिर चाकू से पेट पर हमला कर उनकी जान ले ली। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुत्री को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार यह खौफनाक वारदात कोसाड आवास एच-5 की बिल्डिंग नंबर 365 में हुई। मूल रूप से बोटाद जिले के ढसा तहसील के जलालपर की रहने वाली और सूरत में छिटपुट मजदूरी करने वाली काजल उर्फ विक्रम (22) का अपने पिता रमेशसिंह कैलाससिंह राजपूत से घर के काम को लेकर झगड़ा हुआ था। रमेश सिंह ने गुस्से में आकर पुत्री का मोबाइल फोन जमीन पर फेंक दिया। मोबाइल टूटने से नाराज काजल का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उसने अपना आपा खो दिया। आवेश में आकर उसने पास रखे कुकर के ढक्कन से पिता के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वे लहूलुहान होकर गिर पड़े। इतने पर भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने चाकू से पिता के पेट पर ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रमेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

राष्ट्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में राजस्थान का शानदार प्रदर्शन, 12 योजनाओं में देश में प्रथम स्थान

सरकार जनकल्याण के लिए प्रतिबद्धः सीएम

दैनिक सम्राट संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व, मार्गदर्शन और जनकल्याणकारी विजन से प्रेरित होकर राज्य सरकार प्रदेश को विकास, सुशासन, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जनकल्याण के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने राष्ट्रीय



स्तर पर अपनी प्रभावी कार्यशैली और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का परिचय देते हुए 12 राष्ट्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में प्रथम, 10 में द्वितीय तथा 8 में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, प्रशासनिक दक्षता और केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों का सुखद परिणाम है।

सौर ऊर्जा, कृषि और स्वच्छता के क्षेत्र में राजस्थान का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 में 2.18 करोड़ तथा रबी 2025-26 में 1.71 करोड़ पॉलिसियों के साथ राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा है। वहीं, पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट-ए के अंतर्गत अक्षय एवं सौर ऊर्जा की स्थापना तथा कंपोनेंट-सी के अंतर्गत सौरकृत फीडरों की संख्या में भी राज्य ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। योग दिवस 2025 पर राजस्थान में 62 हजार 915 स्थलों पर 85 लाख से अधिक लोगों की सहभागिता दर्ज की गई, जो देश में सर्वाधिक रही। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 में लक्षित इकाइयों के रूपांतरण तथा पोषण पखवाड़ा 2026 की गतिविधियों में भी राजस्थान देशभर में प्रथम स्थान पर रहा है। फिट इंडिया फ्रीडम रन 2024 के अंतर्गत देश में आयोजित 10 हजार 443 कार्यक्रमों में से 6 हजार से अधिक कार्यक्रम राजस्थान में आयोजित हुए।

10 राष्ट्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में मिला द्वितीय स्थान

राजस्थान ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की फरवरी 2026 की रैंकिंग, पोषण माह 2025 की गतिविधियों, नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत आभा आईडी बनाने तथा पीएम विश्वकर्मा योजना में कौशल प्रशिक्षण, ऋण स्वीकृति एवं वितरण जैसे क्षेत्रों में देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही, वीबी-जी राम जी कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 97 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारंभ होने के आधार पर मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान दवा योजना के मई 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रदेश ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों की लंबाई के आधार पर और प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में रूफटॉप सोलर के आवेदन, इंस्टॉलेशन, निरीक्षण एवं वेंडर पंजीकरण के क्षेत्र में राजस्थान को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

जेडीए की मेंटेनेंस टीम ने खराब रोड लाइटों और हाईमास्ट लाइटों की सुधारी व्यवस्था

दीपावली से पहले जगमगाएगी जयपुर-जमवारामगढ़ फोरलेन सड़क

मालावाला, लाली बस स्टैंड व तेजाजी मोड़ पर किया मरम्मत कार्य

दैनिक सम्राट संवाददाता

जमवारामगढ़ (अंकिता शर्मा)। दीपावली के त्योहार से पहले जयपुर-जमवारामगढ़ फोरलेन सड़क सहित नगरपालिका क्षेत्र में रोशनी की व्यवस्था दुरुस्त करने का काम शुरू हो गया है। रविवार को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की विद्युत शाखा की टीम ने फोरलेन सड़क पर लगाई गई रोड लाइटों का निरीक्षण कर बंद एवं खराब लाइटों की मरम्मत की।इस दौरान नगरपालिका क्षेत्र के माला वाला स्टैंड पर लगी हाईमास्ट लाइट की तीन-चार लाइटें खराब मिलीं, जिन्हें जेडीए की मरम्मत टीम ने ठीक किया।

इसी प्रकार लाली बस स्टैंड और तेजाजी मोड़ स्थित हाईमास्ट लाइटों के साथ ही सड़क पर बंद



पड़ी अन्य लाइटों की भी मरम्मत की गई।लंबे समय से बंद पड़ी लाइटों के दुरुस्त होने से दीपावली पर जयपुर-जमवारामगढ़ फोरलेन सहित नगरपालिका क्षेत्र रोशनी से जगमगाएगा। इससे त्योहार के दौरान आवागमन करने वाले वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भी राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि लम्बे समय से स्थानीय लोगो ने बंद लाइटों को चालू करने की मांग की थी। वार्ड संख्या-18 लाली के भाजपा से पार्षद प्रत्याशी श्रीकांत पारीक ने जेडीए की विधुत शाखा से नगर पालिका क्षेत्र में जेडीए की ओर से लगायी हाइमास्ट लाइटो व रोड लाइटों की मरम्मत करने के साथ खराब हो चुकी एलइडी लाइटो को बदलने की मांग की है। इसके साथ भाजपा पार्षद प्रत्याशी रहे श्रीकांत पारीक ने विधायक महेंद्र पाल मीना व नगर पालिका चेयरमैन राकेश वर्मा से वार्ड संख्या-18 में रोशनी व प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। इधर,नगर पालिका वार्ड संख्या-7 की पार्षद रूक्मणी जांगिड ने विधायक महेंद्र पाल मीना व नगर पालिका से पूरे वार्ड में रोशनी की व्यवस्था के लिए पचास एलइडी लाइटे मंजूर करने की मांग की है।

उप जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक, लेकिन जांच के उपकरण नदारद

ईएनटी विशेषज्ञ होने के बावजूद आंख, नाक और कान की जांच नहीं

मरीजों को उपचार के लिए जाना पड़ रहा जयपुर

दैनिक सम्राट संवाददाता

जमवारामगढ़ (अंकिता शर्मा)। उप जिला अस्पताल जमवारामगढ़ में विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति के बावजूद मरीजों को आंख, नाक और कान संबंधी बीमारियों की जांच की सुविधा नहीं मिल पा रही है। अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ तो नियुक्त हैं, लेकिन जांच के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध नहीं होने से वे मरीजों की सामान्य जांच कर उपचार तक ही सीमित हैं। ऐसे में विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। उप जिला अस्पताल बने करीब पांच साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन यहां आंख, नाक और कान की जांच के लिए आवश्यक संसाधनों का अभाव बना हुआ है। आंखों की जांच के लिए जरूरी मशीनें उपलब्ध नहीं हैं। वहीं नाक और कान



विशेषज्ञ की नियुक्ति, फिर भी मरीजों को राहत नहीं

क्षेत्र के मरीजों का कहना है कि जब अस्पताल में इएनटी विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त हैं तो जांच के उपकरण भी उपलब्ध होने चाहिए। केवल सामान्य तौर पर मरीजों को देखकर उपचार करने से बीमारी का सही पता लगाना संभव नहीं है। जांच की सुविधा के अभाव में अस्पताल आने वाले मरीजों को निराश होकर दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ता है। इससे मरीजों का समय और पैसा दोनों खर्च हो रहे हैं।

की जांच के लिए भी आवश्यक उपकरण नहीं हैं। हालात यह हैं कि चिकित्सक के पास सामान्य जांच के लिए टॉर्च तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीजों को समुचित जांच और उपचार के लिए जयपुर अथवा अन्य शहरों के अस्पतालों का रुख करना पड़ता है।

चिकित्सा विभाग के पास मांग लम्बित

उप जिला अस्पताल प्रशासन लगातार चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग से उपकरणों की उपलब्धता को लेकर उच्च अधिकारियों को लगातार पत्राचार कर हा है। आवश्यक उपकरणों के लिए मांग पत्र भी भेज रखा है, लेकिन अभी तक मांग पूरी नहीं हुई है।

इनका कहना है: उप जिला अस्पताल में आंख, नाक व कान की जांच के लिए आवश्यक उपकरण नही है। जांच उपकरण व मशीनें उपलब्ध हो तो प्रभावी तरीके से उपचार संभव है। *- डॉ.धर्मेंद्र वर्मा, इएनटी विशेषज्ञ चिकित्सक उप जिला अस्पताल जमवारामगढ़।*

आवश्यक जांच उपकरण व संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विभाग को मांग पत्र भिजवा रखे है। पुनः स्मरण पत्र लिखकर मांग की जाएगी। *-डॉ.योगेश कुमार सैनी, पीएमओ उप जिला अस्पताल जमवारामगढ़।*

रामलीला मैदान की रैली में जमवारामगढ़ से पहुंचे बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता



शंकरलाल मीणा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने लिया भाग

दैनिक सम्राट संवाददाता

जमवारामगढ़ (अंकिता शर्मा)। नई दिल्ली के रामलीला मैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित रैली में जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। राजस्थान आदिवासी कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक शंकरलाल मीणा दांतली के नेतृत्व में क्षेत्र के कांग्रेसजन रैली में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे। रैली में क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से भागीदारी निभाई। इनके साथ पूर्व तहसीलदार नाथूराम गुर्जर, एसडी शर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारियों के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव रमेश मीणा भी कार्यकर्ताओं के साथ रैली में शामिल हुए। उन्होंने भी अपने साथियों के साथ कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

जयपुर में 2 करोड़ के जीपीएस उपकरण चोरी का खुलासा

कंपनी के पुराने कस्टमर की आईडी का किया यूज, बिना भुगतान तैयार किए फर्जी ऑर्डर; 2 गिरफ्तार

दैनिक सम्राट संवाददाता

जयपुर। जयपुर में 2 करोड़ रुपए के जीपीएस उपकरण चोरी करने के मामले का सांगानेर सदर थाना पुलिस ने रविवार रात को खुलासा किया है। आरोपियों ने कंपनी के एक पुराने कस्टमर की आईडी का इस्तेमाल कर बिना भुगतान किए फर्जी ऑर्डर तैयार करवाए और उपकरण हासिल कर लिए। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेवेन्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के शिपिंग सिस्टम में सेंध लगाकर करीब दो करोड़ रुपए कीमत के बैंकिंग जीपीएस उपकरण चोरी किए थे। कंपनी के पुराने



कस्टमर की आईडी का यूज कर आरोपियों ने 4826 फेक ऑर्डर तैयार किए।

इनमें करीब 4500 उपकरण अलग-अलग एड्रेस पर मंगवाकर मार्केट में कम दाम में बेच दिए। कंपनी के निदेशक सार्थक जैन ने 29 अक्टूबर को सांगानेर सदर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस ने तकनीकी जांच के बाद कंपनी के ही दो कर्मचारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के उपकरण, नकदी और सामान बरामद किया है।

बिना भुगतान तैयार किए फेक ऑर्डर

पिछले 4 से 6 महीनों में शिपरॉकेट खाते में करीब 2 करोड़ रुपए के 4826 फेक ऑर्डर बनाए गए। प्रीपेड दर्शाया गया, जबकि कंपनी के पेमेंट गेटवे पर इनकी कोई भुगतान एंट्री नहीं थी। असली ऑर्डर आईडी की नकल करने के साथ पुराने ग्राहकों के नाम और ई-मेल का आरोपियों ने इस्तमाल किया। डिलीवरी से पहले मोबाइल नंबर बदलकर ओटीपी अपने नंबरों पर मंगवाए गए। जयपुर में करीब 1500 पार्सल की डिलीवरी होने की बात भी सामने आई।

मतपत्रों से चुनाव कराने में मतदान दलों को 12 घंटे तक करनी पड़ती है मशक्कत

नींद और विश्राम के अभाव में मतदान कर्मियों पर बढ़ रहा शारीरिक व मानसिक दबाव

दैनिक सम्राट संवाददाता

जमवारामगढ़ (अंकिता शर्मा)। पंचायती राज चुनावों में मतदान दलों को लगातार कई घंटों तक काम करने और पर्याप्त विश्राम नहीं मिलने से होने वाली परेशानियों को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा), राजस्थान ने चुनाव आयोग का ध्यान आकर्षित किया है। महासंघ ने आगामी चुनावों की योजना बनाते समय मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुविधाओं को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष (जयपुर संभाग) अर्जुन सिंह जाट ने बताया कि सरपंच और वार्ड पंच के चुनावों में ईवीएम के बजाय मतपत्रों से मतदान होने के कारण मतदान दलों को मतपत्र तैयार करने में ही 10 से 12 घंटे तक लग जाते हैं। इसके बाद अगले दिन सुबह जल्दी मतदान प्रक्रिया शुरू कराने की जिम्मेदारी रहती है।

लगातार काम, नींद की कमी और शारीरिक थकान के बीच मतदान करवाना कार्मिकों के लिए चुनौती बन जाता है। प्रदेश संभाग मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश टेलर ने बताया कि मतदान समाप्त होने के बाद भी कार्मिकों को पर्याप्त विश्राम नहीं मिल पाता। मतगणना करवाने और परिणाम घोषित करने की जिम्मेदारी भी तुरंत निभानी पड़ती है। ऐसे में लगातार दिन-रात ड्यूटी से मतदान कर्मियों पर शारीरिक और मानसिक दबाव बढ़ता है।जिला संगठन मंत्री जगदीश प्रसाद शर्मा एवं जिला संयुक्त मंत्री राखी सिसोदिया ने कहा कि महासंघ ने चुनाव आयुक्त से आग्रह किया है कि भविष्य के चुनावों में ईवीएम अथवा पहले से छपे हुए मतपत्रों के उपयोग की व्यवस्था पर विचार किया जाए। साथ ही मतदान दलों की ड्यूटी निर्धारित करते समय उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा, नींद और विश्राम का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

जामडोली थाना क्षेत्र में ज्वैलर्स व्यापारी व उसके भाई पर हमला कर पिस्टल से फायरिंग करते हुए चांदी के आभूषण व नकदी लूटने की वारदात का 48 घंटे में खुलासा

जामडोली में ज्वेलर्स भाइयों से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

दैनिक सम्राट संवाददाता

जयपुर (आरआर शर्मा)। जयपुर में ज्वेलर्स ब्रदर्स पर 28 अक्टूबर की रात को हमला कर गहने-कैश लूट मामले के दो आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए। जामडोली थाना पुलिस ने रविवार को इसका खुलासा किया। पुलिस ने लूट मामले में दो आरोपी मनीष कश्यप (20) निवासी कोतवाली सवाई माधोपुर हाल श्रीराम विहार कॉलोनी मांगियावास और गुमान सिंह (24) निवासी रोसी नादौती करौली हाल गोनेर को पकड़ा। वहीं मामले में तीन आरोपी अभी फरार हैं।

डीसीपी (ईस्ट) रंजीता शर्मा ने बताया- पुलिस ने दोनों बदमाशों को पीछा कर करौली के महावीरजी इलाके से पकड़ा है। पुलिस टीम को देखकर भागते समय दोनों बदमाश गड्ढे में गिर गए। इससे दोनों के



एक-एक पैर फ्रेक्चर हो गया। इस पर पुलिस ने घायल बदमाशों का इलाज करवाया।

तीन आरोपी अभी फरार: पुलिस अब तीन फरार बदमाशों की तलाश में दबिश दे रही है। साथ ही लूट का माल और वारदात में यूज पिस्टल और बाइकर्स की बरामदगी के भी प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

लोहे के पाइप से हमला कर लूटे थे गहने-नकदी: जामडोली थानाधिकारी रतन सिंह कविया ने बताया कि जामडोली इलाके में ज्वेलर्स सोनू कुमार स्वर्णकार (40) की ज्वैलरी शॉप है। सोनू कुमार अपने भाई निशू सोनी के साथ 28 अक्टूबर की रात करीब 8:15 बजे दुकान बंद कर स्कूटी से घर जा रहे थे। दुकान से करीब 100 मीटर दूर दो बाइक पर पांच बदमाश आए। ज्वेलर्स भाइयों पर लोहे के पाइप से हमला कर पिस्टल से फायरिंग करते हुए चांदी के गहने और कैश लूट ले गए थे। इस दौरान बचाने आई एक महिला पर बदमाशों ने फायर किया। इसके चलते उस महिला के पैर में गोली लगने पर वह घायल हो गई थी।

विशेष भूमिका: जिला स्पेशल टीम के हारूराम कानि. देवेन्द्र, राकेश कानि. व सायबर सैल से संजय राड हैड कानि. जयप्रकाश कानि व थाना जामडोली से कृष्ण कुमार कानि की विशेष भूमिका रही।

ईडब्ल्यूएस सरलीकरण की मांग, लेकिन 7 साल बाद भी नियम सरल नहीं: विधायक भाटी

पिता-पति की आय के आधार पर महिलाओं के आवेदन हो रहे रिजेक्ट

दैनिक सम्राट संवाददाता



जयपुर। विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा- सात साल से ईडब्ल्यूएस आरक्षण में सरलीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक केंद्र सरकार की ओर से इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसका खमियाजा खासतौर पर ग्रामीण परिवेश के युवाओं और महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। जयपुर में रविवार को बाड़मेर के शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने यह कहा। भाटी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के आरक्षण में सरलीकरण की मांग को लेकर यात्रा निकाल रहे हैं। भाटी ने बताया- कई मामलों में पिता और पति की आय के आधार पर महिलाओं के आवेदन निरस्त हो जाते हैं। ऐसे में नियमों को सरल बनाने की जरूरत है, ताकि महिलाओं को भी आरक्षण का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों और युवाओं से संवाद कर ईडब्ल्यूएस आरक्षण के नियमों में बदलाव की मांग उठाई।



पंचायतीराज आम चुनाव-2026: हिण्डौन, श्रीमहावीरजी एवं शेरपुर-सूरौठ पंचायत समिति क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू

चुनाव प्रचार, जुलूस एवं मतदाताओं को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध

जिला मजिस्ट्रेट अक्षय गोदारा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जारी किए आदेश, 1 नवम्बर की शाम 6 बजे से 6 नवम्बर को मतदान समाप्ति तक प्रभावी रहेंगे आदेश

दैनिक सम्राट संवाददाता

करौली (ओमप्रकाश सुमन)। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने तथा कानून व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट अक्षय गोदारा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत पंचायत समिति हिण्डौन, श्रीमहावीरजी एवं शेरपुर-सूरौठ के राजस्व सीमा क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश जारी किए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि



निषेधाज्ञा 1 नवम्बर 2026 की शाम 6 बजे से 6 नवम्बर 2026 को मतदान समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली गतिविधियों, मतदाताओं को भयभीत अथवा प्रलोभित करने तथा लोक शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाले कृत्यों पर प्रतिबंध रहेगा।

मतदान समाप्ति से पूर्व 48 घंटे तक चुनाव प्रचार पर रोक

आदेश के अनुसार, मतदान समाप्ति से पूर्व 48 घंटे की अवधि में चुनाव प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में चुनाव प्रचार से संबंधित सार्वजनिक सभाओं, जुलूसों, रैलियों एवं अन्य प्रचार गतिविधियों का आयोजन नहीं किया जा सकेगा।

इसके अतिरिक्त चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के पश्चात संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं होने वाले बाहरी राजनीतिक कार्यकर्ताओं एवं अभियानकर्ताओं की उपस्थिति पर भी प्रतिबंध रहेगा।

मदिरापान एवं अनधिकृत शराब बिक्री पर प्रतिबंध

आदेश के अनुसार, निषेधाज्ञा अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन नहीं करेगा और न ही किसी अन्य व्यक्ति को शराब सेवन के लिए प्रेरित करेगा। अधिकृत विक्रेताओं के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति निजी उपयोग के अतिरिक्त अन्य किसी को शराब नहीं बेचेगा। शराब की बिक्री एवं सेवन के संबंध में संबंधित आबकारी नियमों एवं अन्य लागू प्रावधानों की पालना सुनिश्चित की जाएगी।

चुनाव प्रचार सामग्री एवं बाहरी व्यक्तियों पर निगरानी

निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार अवधि समाप्त होने के पश्चात राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों से जुड़े ऐसे प्रचारकों की उपस्थिति प्रतिबंधित रहेगी, जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्रों के आसपास अनधिकृत प्रचार सामग्री, चुनावी गतिविधियों तथा बाहरी व्यक्तियों की उपस्थिति पर निगरानी रखी जाएगी।

मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में विशेष प्रतिबंध

मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन, सेल फोन, वायरलेस एवं अन्य संचार उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमानुसार छूट रहेगी।

मतदान केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में कोई भी निर्वाचन बूथ स्थापित नहीं किया जा सकेगा। साथ ही मतदान केन्द्रों के आसपास चुनाव प्रचार एवं मतदाताओं को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा।

मताधिकार में बाधा डालने पर रोक

मतदान दिवस पर मतदाताओं को निजी वाहनों से मतदान केन्द्रों तक लाने-ले जाने के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रावधानों की पालना आवश्यक होगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदाताओं को मतदान करने अथवा मतदान से रोकने के उद्देश्य से भयभीत करना, दबाव बनाना, प्रलोभन देना या उनके मताधिकार के स्वतंत्र प्रयोग में बाधा उत्पन्न करना प्रतिबंधित रहेगा।

पंचायतीराज आम चुनाव 2026: तृतीय चरण का मतदान कल

प्रशिक्षण उपरांत राजकीय महाविद्यालय से मतदान दलों की होगी रवानगी: अक्षय गोदारा

मतदान हेतु मतदान दलों को प्रशिक्षण के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय करौली से रवाना किया जायेगा।

दैनिक सम्राट संवाददाता

करौली (ओमप्रकाश सुमन)। जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा ने बताया कि पंचायती राज चुनाव 2026 के तहत तृतीय चरण के मतदान दल आज पंचायत समिति हिण्डौन, शेरपुर, सूरौठ श्रीमहावीरजी, में मतदान हेतु मतदान दलों को प्रशिक्षण के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय करौली से रवाना किया जायेगा। इस संबध में समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान कल यानि 3 नवम्बर को प्रातः 7 से सायः 6 बजे तक किया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजस्थान राज्य के लगभग सभी मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र ईपीआईसी जारी किये जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त मतदान हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची भी निर्धारित की गई है।

मतदान के दौरान मतदाताओं को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता फोटो पहचान पत्र ईपीआईसी प्रस्तुत करना होगा। फिर भी यदि कोई मतदाता किसी भी कारण से उक्त मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है तो मतदान के लिए उसे राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा अनुमोदित किए गए अन्य 11 वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों में से कोई एक मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

उन्होने बताया कि आधार कार्ड, विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) मनरेगा कार्ड, बैंकों, डाकघर द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र अथवा राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों एवं विधानसभा सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूआईडी कार्ड) वैकल्पिक दस्तावेजों के रूप में निर्धारित किये गये हैं।

पातलवास में विधायक रामविलास मीणा ने झोंकी ताकत, सुनीता शर्मा के समर्थन में ढेलावास की ढाणियों में चला जनसंपर्क अभियान

भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील, घर-घर पहुंच मतदाताओं से मांगा समर्थन





दैनिक सम्राट संवाददाता

रामगढ़ पचवारा (योगराज गौतम)। पंचायत राज चुनाव 2026 को लेकर भाजपा ने चुनावी रण में अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। रविवार को पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा के वार्ड नंबर 11 से भाजपा प्रत्याशी सुनीता शर्मा और जिला परिषद वार्ड नंबर 13 की भाजपा प्रत्याशी पतासी देवी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने पातलवास पहुंचकर मतदाताओं से दोनों भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विधायक ने ग्रामीणों से संवाद कर प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आह्वान किया।

विधायक रामविलास मीणा के पातलवास पहुंचने से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। उन्होंने जिला परिषद वार्ड 13 की प्रत्याशी पतासी देवी के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क कर पार्टी के पक्ष में समर्थन मांगा। चुनावी माहौल के बीच भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

इस दौरान पूर्ण खांड्या, हंसराज धाध्यां, गंगासहाय शर्मा, नारायण मीणा, पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री नारायण मीणा, मुकेश मानपुरा, गिर्राज शर्मा, ढोलावास सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ढोलावास की ढाणियों में सुनीता शर्मा ने मांगा समर्थन: वहीं, पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा के वार्ड नंबर 11 की भाजपा प्रत्याशी सुनीता शर्मा ने ग्राम पंचायत ढोलावास की मांध्या वाली ढाणी, बाढ़ वाली ढाणी, गांबल्या ढाणी, रैगर मोहल्ला और बैरवा मोहल्ला में जनसंपर्क किया। उन्होंने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से मुलाकात की और अपने पक्ष में मतदान कर विजयी बनाने की अपील की।

सेवाकाल में किए कार्यों को जनता हमेशा करती है याद: डॉ. सेहरा

डॉ. संजय पामेचा की विदाई पर छलकी आत्मीयता, चिकित्सा सेवाओं में योगदान को सराहा

दैनिक सम्राट संवाददाता

लालसोट (योगराज गौतम)। सेवाकाल में किए गए कार्यों की छाप समय के साथ और गहरी होती जाती है तथा कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति अपनी सेवाओं से लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ जाता है। इसी भाव के साथ राजकीय जिला चिकित्सालय लालसोट में 31 अक्टूबर 2026 को वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ (मेडिसिन) डॉ. संजय पामेचा के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में चिकित्सालय परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई देकर उनके सेवाकाल को याद किया और चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की।

समारोह में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डॉ. राजकुमार सेहरा, उपनियंत्रक डॉ. अनुराग दैमन, एमसीएच विंग प्रभारी



डॉ. लक्ष्मीचंद मीणा तथा नर्सिंग अधीक्षक मदनलाल शर्मा सहित चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।


इस अवसर पर चिकित्सालय परिवार की ओर से डॉ. संजय पामेचा का माल्यार्पण कर एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। साथ ही उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके प्रति सम्मान और आत्मीयता प्रकट की गई। सम्मान समारोह के दौरान सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए सेवाकाल के अनुभव साझा किए और उनके योगदान को याद किया।

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. पामेचा ने अपने सेवाकाल में चिकित्सा क्षेत्र के प्रति समर्पण, कार्यकुशलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए मरीजों की सेवा को सर्वोपरि रखा। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और संवेदनशील व्यवहार ने चिकित्सालय की चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मरीजों के प्रति उनका सौम्य व्यवहार और सेवा भावना हमेशा याद रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पद से सेवानिवृत्ति भले ही जीवन का एक पड़ाव हो, लेकिन समाज और मरीजों के लिए किए गए कार्यों की खुशबू लंबे समय तक बनी रहती है।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार सेहरा ने कहा कि सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यों को लोग हमेशा याद रखते हैं। समर्पण और निष्ठा से किया गया कार्य ही व्यक्ति को विशिष्ट पहचान दिलाता है। डॉ. पामेचा ने अपनी सेवाओं से चिकित्सालय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसे हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा। कार्यक्रम का मंच संचालन फार्मेसिस्ट मुरारीलाल शर्मा ने किया। समारोह के अंत में चिकित्सालय परिवार की ओर से डॉ. संजय पामेचा को भावभीनी विदाई देते हुए उनके आगामी जीवन के स्वस्थ, सुखद एवं खुशहाल रहने की मंगलकामनाएं की गईं।

भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए कांग्रेस को जिताएं, परसादी लाल मीणा ने भरी हुंकार

लालसोट और रामगढ़ पचवारा के गांवों में जनसंपर्क कर मांगा समर्थन, सलेमपुरा में प्रत्याशियों को केलों से तोलकर किया स्वागत



दैनिक सम्राट संवाददाता

लालसोट (योगराज गौतम)। पंचायत राज चुनाव 2026 को लेकर कांग्रेस ने चुनावी मैदान में पूरी ताकत झोंक दी है। पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने रविवार को पंचायत समिति लालसोट एवं पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में आमसभाएं और जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने की अपील की। गांव-गांव पहुंचकर उन्होंने मतदाताओं से संवाद किया और कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आह्वान किया।

लालसोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत थलोज में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने जिला परिषद वार्ड 7 की प्रत्याशी राजन्ति देवी एवं पंचायत समिति वार्ड 2 की प्रत्याशी ममता महावर के समर्थन में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में भ्रष्टाचार मुक्त शासन चाहिए तो कांग्रेस को अपना मत एवं समर्थन देकर प्रत्याशियों को विजय बनाएं। इस दौरान लालसोट ब्लॉक अध्यक्ष दीपक पुरोहित, मंडल अध्यक्ष शंभूलाल बैरवा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश राडा, पार्षद मीठालाल मीणा, पार्षद प्रतिनिधि मनोज स्वामी, अशोक पटेल, पंकज मोरवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांव-गांव पहुंचकर मांगा समर्थन

वहीं, रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति क्षेत्र में जिला परिषद वार्ड 13 की प्रत्याशी हंसी बाई मीणा सहित पंचायत समिति वार्ड 8 की प्रत्याशी राजकुमारी बैरवा, वार्ड 9 की प्रत्याशी मिथिलेश मीणा, वार्ड 10 की प्रत्याशी माया देवी, वार्ड 11 के प्रत्याशी चंद्रकांत शर्मा, वार्ड 12 के प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा एवं वार्ड 13 के प्रत्याशी रामेश्वर मीणा के समर्थन में रालावास, सलेमपुरा, ढोलावास, कोलीवाड़ा, भावंता और कालूवास सहित कई गांवों में आमसभाएं एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों से कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

आठ माह की मासूम की हत्या का सनसनीखेज खुलासा, पिता ही निकला कातिल, गिरफ्तार

दैनिक सम्राट संवाददाता

हिण्डौन सिटी (ओमप्रकाश सुमन)। रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात का नई मंडी थाना पुलिस ने खुलासा किया है। आठ माह की मासूम बच्ची की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके ही पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने सगे भाइयों के बेटों को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए अपनी ही दूधमुंही बेटी को पत्थर पर पटककर मौत के घाट उतार दिया था।



पुलिस अधीक्षक करौली लोकेश सोनवाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिण्डौन कमल कुमार एवं वृत्ताधिकारी हिण्डौन गौरव सारस्वत के सुपरविजन में नई मंडी थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों और चश्मदीद गवाहों से पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी रामदेव जाटव पुत्र स्वर्गीय धनीराम जाटव (39) निवासी खेड़े का पुरा, हिण्डौन सिटी को गिरफ्तार कर लिया।


डीडवाना में भाजपा ने निकाला शक्ति प्रदर्शन का रोड शो, झूला चौक पर उमड़ा जनसैलाब

रामविलास मीणा बोले- विकास की नहीं आने देंगे कमी, ज्वाला माता मंदिर के कार्य को चुनाव बाद मिलेगी गति

दैनिक सम्राट संवाददाता

डीडवाना (योगराज गौतम)। पंचायत राज चुनाव 2026 को लेकर भाजपा ने डीडवाना में पूरी ताकत झोंकते हुए चुनावी माहौल को गरमा दिया। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित विशाल आमसभा से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोड शो निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं की मौजूदगी से चुनावी सरगर्मियां तेज नजर आईं।

तीसरे चरण के पंचायत राज चुनाव की आचार संहिता से पूर्व लालसोट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डीडवाना में लालसोट विधायक रामविलास मीणा एवं बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा की



उपस्थिति में भाजपा जिला परिषद वार्ड 12 के प्रत्याशी एडवोकेट प्रकाश शर्मा तथा पंचायत समिति वार्ड एक की प्रत्याशी सपना सैनी के समर्थन में रोड शो निकाला गया। रोड शो की शुरुआत रामशाला बालाजी से हुई, जो डीडवाना के मुख्य मार्गों से गुजरता हुआ रामदेव मंदिर पहुंचा। इसके बाद झूला चौक पर विशाल आमसभा का आयोजन किया गया।

ज्वाला माता मंदिर के विकास कार्य को लेकर विधायक ने दिया भरोसा

आमसभा को संबोधित करते हुए लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने कहा कि डीडवाना स्थित ज्वाला माता मंदिर के विकास कार्य के लिए तीन साइड की स्वीकृति जारी हो चुकी है। चुनाव के बाद कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। भाजपा सरकार क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।

विधायक मीणा ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि भाजपा के कारवां को अपना मत और समर्थन देकर प्रत्याशियों को विजयी बनाएं, ताकि डबल इंजन सरकार को मजबूती मिले और क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर पहुंचकर पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में नेताओं ने भरी हुंकार

सभा में बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा, प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री मूर्ति मीणा, भाजपा के वरिष्ठ नेता शंभूलाल कुई वाले, समाजसेवी सोनू बिनोरी, ओमप्रकाश गुप्ता, रमेश माली, बाबूलाल महावर, अश्वनी शर्मा, रमेश मुंशी, हनुमान नेता, प्रकाश माली, शंभू माली एवं बाबूलाल ओड सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने की अपील की।

इस दौरान डीडवाना रीको अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, दीपक झालानी, पार्षद जेपी विजय गुर्जर, नवल झालानी, रामकिशोर पाटीवाला, रामप्रसाद पाटीवाला, प्रभुलाल बेरडीवाला, मुरारी जालवाला, लक्ष्मण माली नेता एवं ओमप्रकाश जैमन सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सम्पादकीय

बारिश की बूंदों ने जगाई किसानों की उम्मीदों की दिवाली

किसान की जिंदगी पूरी तरह प्रकृति के भरोसे चलती है। कभी बारिश उसकी उम्मीद बनती है तो कभी यही बारिश उसकी मेहनत पर पानी फेर देती है। समय पर वर्षा हो जाए तो खेत लहलहा उठते हैं, खुशहाली आती है।

दिवाली से ठीक पहले आसमान से बरसी बारिश की बूंदों ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी है। लंबे समय से आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे अन्नदाता के लिए यह बारिश किसी उत्सव से कम नहीं है। खेतों में नमी लौटी है, सूखी धरती ने राहत की सांस ली है और किसानों के मन में एक बार फिर उम्मीदों के बीज अंकुरित होने लगे हैं। इस बार दिवाली केवल घरों में दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं रह गई, बल्कि यह खेतों में नई फसल की उम्मीदों को रोशन करने वाला त्योहार भी बन गई है। प्रकृति ने किसानों की पुकार सुन ली है। अब जरूरत इस बात की है कि सरकार भी उनकी उम्मीदों को समझे और राहत की कुछ ऐसी बूंदें बरसाए, जिससे उनकी जिंदगी में भी सुख, समृद्धि और खुशहाली का उजाला फैल सके।

किसान की जिंदगी पूरी तरह प्रकृति के भरोसे चलती है। कभी बारिश उसकी उम्मीद बनती है तो कभी यही बारिश उसकी मेहनत पर पानी फेर देती है। समय पर वर्षा हो जाए तो खेत लहलहा उठते हैं और बारिश रूठ जाए तो किसान की आंखों में चिंता के बादल छा जाते हैं। खरीफ की फसल के दौरान मौसम की बेरुखी, कम बारिश और खेतों में नमी की कमी ने अनेक किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। किसान इस उलझन में था कि आने वाली रबी की फसल की तैयारी कैसे होगी। खेतों में पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण गेहूं, सरसों, चना, जौ और अन्य रबी फसलों की बुवाई प्रभावित होने की आशंका बनी हुई थी। ऐसे समय में दिवाली से पहले हुई बारिश ने किसानों के लिए उम्मीदों के नए दरवाजे खोल दिए हैं।

इस बारिश का सबसे बड़ा लाभ यह है कि खेतों में नमी बढ़ने से रबी की बुवाई के लिए



परिस्थितियां अनुकूल बन सकती हैं। राजस्थान जैसे राज्य में, जहां खेती का बड़ा हिस्सा मानसून और उपलब्ध नमी पर निर्भर करता है, वहां समय पर होने वाली बारिश का महत्व और भी बढ़ जाता है। खासकर शुष्क और अर्धशुष्क क्षेत्रों में बारिश की हर बूंद किसान के लिए किसी अनमोल संपत्ति से कम नहीं होती। खेतों में नमी रहने से किसान बिना अतिरिक्त सिंचाई के भी बुवाई की तैयारी कर सकता है। इससे डीजल, बिजली और पानी पर होने वाला खर्च घट सकता है। जिन किसानों के सामने सिंचाई के साधनों की कमी सबसे बड़ी चुनौती है, उनके लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है।

रबी की फसल भारतीय कृषि व्यवस्था की रीढ़ है। गेहूं, सरसों, चना, जौ और मसूर जैसी फसलें न केवल किसानों की आमदनी का आधार हैं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि इस बारिश के कारण रबी की बुवाई का रकबा बढ़ता है तो इसका सकारात्मक असर केवल किसानों तक सीमित नहीं रहेगा। इससे कृषि उत्पादन बढ़ने, ग्रामीण बाजारों में मांग मजबूत होने और गांवों की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। खेती अच्छी होगी तो खेतिहर मजदूरों को भी अधिक काम मिलेगा। बीज, खाद, कृषि उपकरण और अन्य जरूरी सामान की खरीद बढ़ेगी। इस तरह खेतों में आई नमी गांवों की अर्थव्यवस्था में भी नई ऊर्जा का संचार कर सकती है।

किसान की खुशहाली का अर्थ केवल उसकी फसल का अच्छा उत्पादन नहीं है। इसका अर्थ है उसके परिवार के बच्चों की बेहतर शिक्षा, घर में स्वास्थ्य सुविधाएं, समय पर कर्ज चुकाने की क्षमता और भविष्य को लेकर मन में विश्वास। जब खेत में फसल अच्छी होती है तो किसान के घर में त्योहारों की रौनक भी बढ़ती है। उसकी पत्नी और बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आती है। बाजार में खरीदारी होती है और गांव के छोटे दुकानदार से लेकर मजदूर तक को इसका लाभ मिलता है। इसीलिए कहा जाता है कि भारत की असली दिवाली गांवों और खेतों की खुशहाली से ही जगमगाती है। किसान के घर का चूल्हा अच्छे से जलेगा, तभी देश की समृद्धि का सपना भी साकार होगा।

क्वाड एकजुटता: आर्थिक सुरक्षा के मोर्चे पर भारत की बढ़ती भूमिका



क्वाड यानी क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग आज केवल चार देशों के बीच रणनीतिक बातचीत का मंच नहीं रह गया है। इसका महत्व लगातार बढ़ रहा है। इसकी स्थापना का मूल उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र, खुली, समावेशी और नियम आधारित व्यवस्था को प्रोत्साहित करना था।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी देश की ताकत का आकलन केवल उसकी सैन्य क्षमता, आर्थिक संसाधनों और तकनीकी विकास से नहीं होता, बल्कि इस बात से भी होता है कि वैश्विक संकट के समय वह कितनी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ दूसरे देशों के साथ खड़ा होता है। आज की बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत अपनी इसी भूमिका को लगातार मजबूत कर रहा है। अमेरिका के अटलांटा में आयोजित क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक इस दृष्टि से महत्वपूर्ण रही। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों की इस बैठक में न केवल हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और वैश्विक व्यापार पर चर्चा हुई, बल्कि आर्थिक दबाव बनाने वाली नीतियों, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे गंभीर मुद्दों पर भी चारों देशों ने अपनी साझा चिंता जाहिर की। इस बैठक में नेपाल में विनाशकारी बाढ़ के बाद भारत की ओर से सबसे पहले राहत पहुंचाने की भूमिका की सराहना भी हुई। यह भारत की विदेश नीति के मानवीय पक्ष और क्षेत्रीय नेतृत्व क्षमता का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

क्वाड यानी क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग आज केवल चार देशों के बीच रणनीतिक बातचीत का मंच नहीं रह गया है। इसका महत्व लगातार बढ़ रहा है। इसकी स्थापना का मूल उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र, खुली, समावेशी और नियम आधारित व्यवस्था को प्रोत्साहित करना था। हालांकि, समय के साथ इसके एजेंडे का विस्तार हुआ है। अब इसमें समुद्री सुरक्षा, तकनीकी सहयोग, महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता, डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक स्थिरता जैसे विषय भी शामिल हो चुके हैं। अटलांटा की बैठक इसी व्यापक सोच का उदाहरण है। चारों देशों की साझा चिंता यह है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था किसी एक देश की मनमानी, राजनीतिक दबाव या व्यापारिक प्रतिबंधों की बंधक नहीं बननी चाहिए।

बैठक के दौरान क्वाड देशों ने किसी देश का नाम लिए बिना आर्थिक दबाव बनाने वाली नीतियों पर गंभीर चिंता जताई। संयुक्त बयान में मनमाने तरीके से निर्यात पर पाबंदियां लगाने, बाजार के सामान्य नियमों के विपरीत नीतियां अपनाने और महत्वपूर्ण उद्योगों में जरूरत से ज्यादा उत्पादन की समस्या को रेखांकित किया गया। कूटनीतिक भाषा में किसी देश का नाम नहीं लेना और उसके बावजूद उसकी नीतियों पर स्पष्ट सवाल उठाना अपने आप में महत्वपूर्ण संदेश है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार सीधे आरोप लगाने के बजाय साझा सिद्धांतों और चिंताओं को सामने रखकर राजनीतिक संदेश दिया जाता है। क्वाड का यह रुख भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा सकता है।

इस संदर्भ में चीन की आर्थिक और व्यापारिक नीतियों की चर्चा स्वाभाविक है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर ऊर्जा, बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहन और महत्वपूर्ण औद्योगिक उत्पादों के क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति बनाई है। वैश्विक बाजार में उसकी बड़ी हिस्सेदारी है। लेकिन जब किसी देश की उत्पादन क्षमता घरेलू मांग से बहुत अधिक हो जाती है और अतिरिक्त उत्पादन अंतरराष्ट्रीय बाजार में असाधारण रूप से कम कीमतों पर पहुंचता है, तो दूसरे देशों के घरेलू उद्योगों के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। इससे स्थानीय कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो जाता है और रोजगार तथा औद्योगिक विकास पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। यही वजह है कि कई देश चीन की औद्योगिक सब्सिडी, उत्पादन क्षमता और व्यापारिक तरीकों को लेकर सवाल उठाते रहे हैं।

हालांकि, यह समझना भी जरूरी है कि वैश्विक व्यापार में प्रतिस्पर्धा अपने आप में गलत नहीं है। कम लागत पर वस्तुओं का उत्पादन करना और उन्हें दूसरे देशों में बेचना किसी भी अर्थव्यवस्था का सामान्य व्यापारिक अधिकार है। समस्या तब पैदा होती है जब सरकारी सब्सिडी, बाजार में गैर-पारदर्शी हस्तक्षेप, अनुचित व्यापारिक प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण जैसी नीतियां प्रतिस्पर्धा के समान अवसर को समाप्त करने लगती हैं। किसी देश द्वारा महत्वपूर्ण कच्चे माल या तकनीकी उत्पादों की आपूर्ति को राजनीतिक दबाव के साधन के रूप में इस्तेमाल करना भी वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक है। ऐसी परिस्थितियों में आर्थिक निर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल बन जाती है।

दुनिया ने कोरोना महामारी के दौरान इस निर्भरता के गंभीर परिणाम देखे थे। दवाओं, चिकित्सा उपकरणों, सेमीकंडक्टर और आवश्यक औद्योगिक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने से वैश्विक उत्पादन व्यवस्था प्रभावित हुई थी। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ऊर्जा और खाद्य आपूर्ति को लेकर भी दुनिया को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि केवल सस्ती वस्तुओं की उपलब्धता के आधार पर व्यापारिक संबंध तय करना पर्याप्त नहीं है। देशों को यह भी देखना होगा कि संकट की स्थिति में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति कितनी सुरक्षित रहेगी। किसी एक देश या सीमित देशों पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य में आर्थिक और रणनीतिक संकट पैदा कर सकती है।

इसीलिए क्वाड देशों की ओर से भरोसेमंद और खुली वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण पर जोर देना समय की आवश्यकता है। इसका अर्थ संरक्षणवाद को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि व्यापार को अधिक विविध, पारदर्शी और लचीला बनाना है। दुनिया के अलग-अलग देशों में उत्पादन क्षमता विकसित होनी चाहिए, ताकि किसी एक क्षेत्र में संकट आने पर पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था ठप न हो जाए। महत्वपूर्ण खनिजों, सेमीकंडक्टर, दवाओं, ऊर्जा उपकरणों और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्था तैयार करना इसी दिशा में जरूरी कदम है।

भारत के लिए इस बदलती वैश्विक परिस्थिति में अवसर भी हैं और चुनौतियां भी। भारत लंबे समय से अपनी अर्थव्यवस्था को विनिर्माण आधारित बनाने की कोशिश कर रहा है। मेक इन इंडिया, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और बुनियादी ढांचे के विस्तार जैसे कदम इसी उद्देश्य से उठाए गए हैं। वैश्विक कंपनियां अब चीन पर अपनी निर्भरता कम करने और उत्पादन के लिए नए ठिकानों की तलाश में हैं। भारत अपनी विशाल घरेलू बाजार क्षमता, युवा कार्यबल, लोकतांत्रिक व्यवस्था और तकनीकी प्रतिभा के आधार पर इस अवसर का लाभ उठा सकता है। लेकिन इसके लिए केवल नीतिगत घोषणाएं पर्याप्त नहीं होंगी। देश में बिजली, परिवहन, बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गलियारों को मजबूत करना होगा। साथ ही, उत्पादन की लागत कम करने, श्रमिकों को प्रशिक्षित करने और अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने की जरूरत है।

भारत की भूमिका केवल एक वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र बनने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भरोसेमंद साझेदार के रूप में अपनी पहचान बनानी होगी। इसके लिए गुणवत्ता, समय पर आपूर्ति, पारदर्शी व्यापारिक व्यवस्था और तकनीकी नवाचार पर ध्यान देना जरूरी है। भारत यदि महत्वपूर्ण उद्योगों में अपनी क्षमता बढ़ाता है तो इससे न केवल निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। घरेलू उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना और विदेशी निवेश को आकर्षित करना भी इसी रणनीति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं।

अटलांटा की बैठक का एक दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद भारत की त्वरित सहायता की सराहना है। हिमालयी क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाएं कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण इनकी तीव्रता और अनिश्चितता बढ़ती दिखाई दे रही है। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाएं बड़े पैमाने पर जनजीवन को प्रभावित करती हैं।

गरीबी पर भारत की ऐतिहासिक जीत, विकास की नई कहानी लिखा रहा



विश्व बैंक के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत की अत्यधिक गरीबी दर 27.1 प्रतिशत थी, जो 2023 तक घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई। इसका अर्थ है कि करोड़ों लोगों की बुनियादी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। अनुमान है कि वर्ष 2028 तक यह आंकड़ा और घटकर 12.1 प्रतिशत हो सकता है।

किसी भी देश की वास्तविक प्रगति का आकलन केवल उसकी अर्थव्यवस्था के आकार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), विदेशी मुद्रा भंडार या औद्योगिक विकास से नहीं किया जा सकता। विकास की सबसे बड़ी कसौटी यह है कि देश के आम नागरिक का जीवन कितना बेहतर हुआ है और समाज के सबसे कमजोर तबके तक समृद्धि का लाभ कितना पहुंचा है। इस दृष्टि से भारत की गरीबी कम करने के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धि अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2011 से 2023 के बीच भारत में करीब 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इसी अवधि में अत्यधिक गरीबी की दर 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई। यह आंकड़ा भारतीय अर्थव्यवस्था में आए व्यापक बदलाव और करोड़ों लोगों के जीवन में हुए सुधार की ओर संकेत करता है। यदि ये आंकड़े निर्धारित मानकों और अनुमानों के अनुरूप हैं, तो यह निश्चित रूप से भारत के विकास इतिहास की बड़ी उपलब्धियों में गिना जाएगा।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में गरीबी कम करना हमेशा से सबसे बड़ी चुनौतियों में रहा है। आजादी के समय देश की बड़ी आबादी गरीबी, अशिक्षा, कुपोषण और बेरोजगारी से जूझ रही थी। कृषि पर अत्यधिक निर्भरता, सीमित औद्योगिक विकास, कमजोर बुनियादी ढांचा और सामाजिक असमानता ने आर्थिक प्रगति की राह को कठिन बनाया। आजादी के बाद विभिन्न सरकारों ने गरीबी उन्मूलन के लिए अनेक योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए। हरित क्रांति, ग्रामीण विकास कार्यक्रम, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, रोजगार गारंटी योजना और सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न पहलों ने इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हालांकि, आबादी का विशाल आकार और विकास के असमान अवसर गरीबी उन्मूलन की राह में लगातार बाधा बने रहे। ऐसे में पिछले एक दशक से अधिक समय में गरीबी के आंकड़ों में आई बड़ी गिरावट भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव है।

विश्व बैंक के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत की अत्यधिक गरीबी दर 27.1 प्रतिशत थी, जो 2023 तक घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई। इसका अर्थ है कि करोड़ों लोगों की बुनियादी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। इसी तरह, प्रतिदिन लगभग 4.20 डॉलर से कम आय वाले लोगों का अनुपात 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत रह गया है। अनुमान है कि वर्ष 2028 तक यह आंकड़ा और घटकर 12.1 प्रतिशत हो सकता है। इन आंकड़ों का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देशों में शामिल है। यहां गरीबी दर में थोड़ी-सी गिरावट का अर्थ भी करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव होता है। इसलिए गरीबी में आई इस कमी को केवल सांख्यिकीय उपलब्धि मानकर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभावों को भी समझना जरूरी है।

भारत में गरीबी कम होने के पीछे कई कारकों की भूमिका रही है। आर्थिक विकास, सरकारी कल्याणकारी योजनाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, बैंकिंग सेवाओं की पहुंच और डिजिटल तकनीक का प्रसार इसके प्रमुख कारणों में शामिल हैं। पिछले वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब परिवारों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए अनेक योजनाओं का विस्तार किया है। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए। आधार और मोबाइल तकनीक के साथ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण व्यवस्था ने सरकारी सहायता को लाभार्थियों तक पहुंचाने में मदद की। इससे बिचौलियों की भूमिका कम करने और योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाने का प्रयास हुआ। गरीब परिवारों को मिलने वाली सहायता सीधे बैंक खातों में पहुंचने से सामाजिक सुरक्षा का दायरा भी विस्तृत हुआ है।

खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और मुफ्त राशन योजना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गरीब परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने से उनकी आय का एक हिस्सा अन्य आवश्यक जरूरतों पर खर्च करने का अवसर मिला। कोरोना महामारी के दौरान जब करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित हुई, तब मुफ्त खाद्यान्न वितरण ने बड़ी आबादी को खाद्य संकट से बचाने में सहायता की। यह अनुभव बताता है कि आर्थिक संकट के समय मजबूत सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था कितनी आवश्यक होती है। गरीबी केवल आय की कमी नहीं है, बल्कि भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन के अवसरों की कमी भी है। इसलिए खाद्य सुरक्षा को गरीबी उन्मूलन की रणनीति का महत्वपूर्ण आधार माना जाना चाहिए।

आवास, स्वच्छता और ऊर्जा सुविधाओं के विस्तार ने भी गरीब परिवारों के जीवन में बदलाव लाने में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकानों का निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों की उपलब्धता और उज्ज्वला योजना के माध्यम से रसोई गैस कनेक्शन देने जैसी पहलों ने ग्रामीण और कमजोर वर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। पहले जिन परिवारों को कच्चे मकानों, अस्वच्छ वातावरण और धुएं से भरी रसोई में जीवन बिताना पड़ता था, उन्हें अब बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच मिली है। इन योजनाओं का महत्व केवल सुविधा उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इनसे स्वास्थ्य, महिलाओं की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार भी गरीबी कम करने का एक बड़ा आधार रहा है। भारत की बड़ी आबादी आज भी गांवों में रहती है और उसकी आजीविका कृषि तथा उससे जुड़े कार्यों पर निर्भर है। ग्रामीण सड़कों, बिजली, सिंचाई, पेयजल और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार ने गांवों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने में मदद की है। किसानों को वित्तीय सहायता, फसल बीमा और कृषि संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों ने भी ग्रामीण परिवारों को सहारा दिया है। हालांकि, कृषि क्षेत्र में आय की अनिश्चितता, छोटे जोत आकार, बढ़ती लागत और बाजार संबंधी समस्याएं अब भी मौजूद हैं। इसलिए ग्रामीण गरीबी को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए कृषि के साथ-साथ पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, ग्रामीण उद्योग और सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे।

गरीबी कम करने की इस उपलब्धि में आर्थिक विकास की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले वर्षों में भारत ने सेवा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी, निर्माण, दूरसंचार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार किया है। सड़क, रेल, बंदरगाह और हवाई अड्डों के विकास ने आर्थिक गतिविधियों को गति दी है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार से छोटे कारोबारियों और उद्यमियों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं। यूपीआई जैसी डिजिटल भुगतान प्रणालियों ने वित्तीय लेनदेन को सरल बनाया है। छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों और ग्रामीण उद्यमियों को भी डिजिटल भुगतान व्यवस्था से जुड़ने का अवसर मिला है। जब आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होता है और लोगों को आय अर्जित करने के नए साधन मिलते हैं, तो गरीबी कम होने की संभावनाएं बढ़ती हैं।

महिलाओं की आर्थिक भागीदारी भी गरीबी उन्मूलन की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वयं सहायता समूहों, मुद्रा योजना, कौशल विकास कार्यक्रमों और ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास किए गए हैं। महिला यदि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होती है तो उसका लाभ केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार के जीवन स्तर पर पड़ता है। बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य पर परिवार का खर्च बढ़ने की संभावना रहती है।

राशिफल

क्या कहता है आपका भविष्यफल

मेष राशि: आज का दिन आपके लिए कुछ नई चुनौतियां तो लेकर आएगा, लेकिन आपकी मेहनत और जिम्मेदारी निभाने का अंदाज आपको हर परिस्थिति से बाहर निकलने में मदद करेगा। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है और एक साथ कई जिम्मेदारियां संभालनी पड़ सकती हैं। ऐसे में घबराने के बजाय काम को प्राथमिकता के अनुसार पूरा करें। आपकी लगन और अनुशासन आपको लक्ष्य के करीब ले जाएंगे। कोर्ट-कचहरी या किसी कानूनी मामले में उम्मीद के मुताबिक तेजी नहीं आएगी, इसलिए धैर्य रखें।

वृषभ राशि: आज आपकी समझदारी, मधुर वाणी और धैर्य आपको दूसरों के बीच खास पहचान दिला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मन लगाकर काम करेंगे, तो अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। आपकी बातों का लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और सामाजिक स्तर पर मान-सम्मान भी बढ़ सकता है। हालांकि, परिवार में किसी छोटी-सी बात को लेकर तनाव पैदा होने की आशंका है। ऐसी स्थिति में अपनी बात मनवाने की जिद करने के बजाय दूसरों के नजरिए को भी समझने का प्रयास करें।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके जीवन में नई उम्मीदों और संभावनाओं के दरवाजे खोल सकता है। किसी काम को लेकर मन में जो उत्साह है, उसे सही दिशा देने का अवसर मिलेगा। हालांकि, रास्ते में कुछ अड़चनें भी आ सकती हैं, लेकिन आपकी बुद्धिमानी और सकारात्मक सोच आपको उनका समाधान खोजने में मदद करेगी।

कर्क राशि: आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन उत्साह बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संबंधों में सुधार देखने को मिल सकता है। लंबे समय से की जा रही मेहनत पर किसी की नजर पड़ सकती है और आपको प्रशंसा, नई जिम्मेदारी या पदोन्नति से जुड़ी अच्छी खबर मिलने की संभावना है। यदि कोई महत्वपूर्ण काम आपके हाथ में है, तो उसे पूरे मन से पूरा करें।

सिंह राशि: आज आपके सामने आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा साबित करने के कई अवसर आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाने लगेगी और पहले बनाई गई योजनाओं से सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। यदि आप किसी नए काम की शुरुआत करना चाहते हैं, तो उसके लिए जरूरी तैयारी करने का अच्छा समय है। हालांकि, सफलता पाने की जल्दी में किसी भी कदम को जल्दबाजी में न उठाएं। धैर्य और सही रणनीति आपको बेहतर परिणाम दिलाएंगे।

कन्या राशि: आज आपका मन प्रसन्न रहेगा और आप रोजमर्रा के कामों को हल्के-फुल्के अंदाज में करना पसंद करेंगे। हालांकि, इस उत्साह में अपनी जिम्मेदारियों को नजरअंदाज करना ठीक नहीं होगा। यदि आप काम पर पूरा ध्यान देंगे और समय का सही इस्तेमाल करेंगे, तो अधिकांश कार्य आसानी से पूरे हो सकते हैं। आज किसी अनजान व्यक्ति की मीठी बातों में आकर कोई बड़ा फैसला लेने से बचें। हर सलाह आपके हित में हो, यह जरूरी नहीं है।

तुला राशि: आज आपके लिए उन्नति के नए अवसर सामने आ सकते हैं और पारिवारिक जीवन में भी खुशियों की दस्तक सुनाई दे सकती है। जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज, उपहार या सुखद समाचार मिलने की संभावना है, जिससे आपका दिन खास बन सकता है। आपसी प्रेम और समझदारी बढ़ाने के लिए यह अच्छा समय है।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपको राहत देने के साथ-साथ अपनी क्षमताओं पर भरोसा बढ़ाने का अवसर भी दे सकता है। चुनौतीपूर्ण काम सामने आ सकता है, लेकिन आपकी टीम और कनिष्ठ कर्मचारियों का सहयोग मिलने से उसे पूरा करना आसान हो जाएगा। यदि आप दूसरों के अनुभव और सुझावों को महत्व देंगे, तो बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं।

धनु राशि: आज आपके सामने नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं और आप उन्हें पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ने के बावजूद आपका उत्साह बना रहेगा। हालांकि, लगातार काम करने से थकान महसूस हो सकती है, इसलिए बीच-बीच में थोड़ा आराम करना भी जरूरी है। परिवार में प्रेम, सहयोग और एकता का माहौल बना रह सकता है।

मकर राशि: आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाने और भावनाओं के बजाय विवेक से निर्णय लेने की जरूरत होगी। कानूनी मामलों में कुछ अड़चनें या देरी सामने आ सकती हैं, जिससे मन थोड़ा परेशान हो सकता है। ऐसी स्थिति में धैर्य बनाए रखें और बिना पूरी जानकारी के कोई कदम न उठाएं।

कुंभ राशि: आज आपका आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता लोगों के सामने आपकी अलग पहचान बना सकती है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिलने, पद में सुधार होने या आपके काम की सराहना होने की संभावना है। यदि आप किसी महत्वपूर्ण अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो अपनी तैयारी पूरी रखें और सही समय पर अपनी योग्यता साबित करने से पीछे न हटें।

मीन राशि: आज आपके लिए धैर्य और संतुलन बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण रहेगा। दिन की शुरुआत में कुछ काम आपकी उम्मीद के अनुसार नहीं चल सकते, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि पूरे दिन परिस्थितियां आपके विपरीत रहेंगी। अपनी योजनाओं पर काम करते रहें और बदलाव करने से न हिचकिचाएं।

नव निर्वाचित सरपंच, उपसरपंच व पंचों का सम्मान, गौशाला विकास में सहयोग का दिया भरोसा

सरपंच ने पदभार संभालते ही गौशाला परिसर में मनरेगा श्रमिकों से हटवाए पत्थर-कंक्रीट

दैनिक सम्राट संवाददाता



कोटपूतली (अनिल शरण बंसल)। श्री जगन्नाथ गोशाला पुरुषोत्तमपुरा के प्रांगण में गौशाला परिवार की ओर से नव निर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं वार्ड पंचों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सम्मानित अतिथियों ने गौशाला के भामाशाह एवं संरक्षक स्व. बजरंग प्रसाद मित्तल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर की।

समारोह में नव निर्वाचित सरपंच महावीर प्रसाद आर्य, उपसरपंच चिराग मीणा सहित वार्ड पंचों का साफा, माला एवं दुपट्टा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। सम्मानित होने वालों में वार्ड संख्या 1 से ममता पत्नी सुभाष अग्रवाल, वार्ड 3 से शीला पत्नी राधेश्याम योगी, वार्ड 4 से रविप्रकाश योगी, वार्ड 5 से रतनलाल आर्य, वार्ड 6 से त्रिवेणी पत्नी सुभाष सैन, वार्ड 7 से जसवंत मीणा, वार्ड 8 से बनवारी कुमावत तथा वार्ड 9 से जीवनी पत्नी छितर खां शामिल रहे। समिति सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने सभी जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अरविंद मित्तल ने किया।

उन्होंने नवनिर्वाचित सरपंच एवं उनकी टीम से गौशाला के विकास और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया। इस पर सरपंच महावीर प्रसाद आर्य ने कहा कि गायों की सेवा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान देना चाहिए। उन्होंने पंचायत की ओर से गौशाला के लिए आवश्यक सहयोग एवं विकास कार्य अधिक से अधिक करवाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच अशोक शर्मा, हरचंद मीणा बीओ, दिलीप मित्तल, सुभाष मित्तल, चौथमल मित्तल, डॉ. अरविंद मित्तल, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य शशि मित्तल, नितिन मित्तल, अजय बगड़ावत, फूली गुजरी ताई, नरेश शर्मा, रोहिताश होलदार, लीलाराम मास्टर, कप्तान सिंह, महावीर सिंह, बजरंग सिंह, दिनेश सिंह, सुगन, रामसिंह, राजकुमार योगी, ओमप्रकाश, अशोक हवलदार एवं पप्पू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

पदभार संभालते ही शुरू करवाया कार्य

नव निर्वाचित सरपंच महावीर प्रसाद आर्य ने पदभार संभालने के प्रथम दिन ही गौशाला के प्रति सक्रियता दिखाते हुए मनरेगा श्रमिकों को गौशाला परिसर के खेत में पड़े पत्थर एवं कंक्रीट हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद श्रमिकों ने मौके पर ही सफाई का कार्य शुरू कर दिया।

सेवा भारती ने आयोजित किया प्रकल्प शिक्षिकाओं एवं कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग

महिला स्वावलंबन और बच्चों में संस्कारों के विकास पर दिया जोर

दैनिक सम्राट संवाददाता



कोटपूतली (अनिल शरण बंसल)। सेवा भारती समिति कोटपूतली के तत्वावधान में बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर के सभागार में प्रकल्प शिक्षिकाओं एवं कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग और मासिक बैठक आयोजित हुई। इसमें विभिन्न प्रकल्पों के संचालन, महिला स्वावलंबन, स्वास्थ्य, संस्कार एवं बाल विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई। प्रशिक्षण सत्र में प्रांत संरक्षक महेश गोयल ने विभिन्न गतिविधियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप मंत्र, गायत्री भजन एवं भोजन मंत्र के अभ्यास से हुई। इसके बाद देशभक्ति गीत और मासिक गीत का अभ्यास करवाया गया।

कार्यकर्ताओं को कुटुंब, संदर्भ, प्रार्थना, वंदना, विद्यालय एवं कार्यान्वित जैसे कठिन शब्दों के शुद्ध उच्चारण और सही वर्तनी का अभ्यास भी कराया गया। स्वावलंबन आयाम के तहत सुनीता स्वामी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई प्रकल्प शुरू करने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बुनियादी सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से बस्तियों की महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने पर जोर दिया। वहीं, भूपेंद्र सोनी एवं जिला मंत्री महेश सैनी ने स्वास्थ्य आयाम की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी समय में 12 बस्तियों में स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इनमें बीपी, शुगर जांच सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां संचालित होंगी।

इस दौरान पूर्व में चलाए गए सुपोषित भारत अभियान के अनुभव भी साझा किए गए। बैठक में प्रकल्प शिक्षिकाओं ने अपनी-अपनी बस्तियों में संचालित गतिविधियों से बच्चों के व्यवहार, संस्कार एवं सामाजिक सहभागिता में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी। प्रकल्पों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक बस्ती में महिला एवं पुरुष सदस्यों को शामिल करते हुए 5 से 6 सदस्यों की समिति गठित करने का सुझाव दिया गया। साथ ही सामूहिक गीत, भजन, पहाड़े एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन तथा अभिभावकों, भामाशाहों एवं प्रबुद्धजनों को प्रकल्प दर्शन करवाने पर जोर दिया गया।

बैठक में श्रीराम-जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह आगामी 20 फरवरी 2027, शनिवार को आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। इस अवसर पर भूपेंद्र सोनी, छाजूराम सैनी, टेकचंद टेलर, जिला मंत्री महेशचंद सैनी, निशू सैनी, पुरुषोत्तम सोनी, अमर सिंह कुमावत, सुभाष गुप्ता, सुरेंद्र बालस्या, नागरमल अग्रवाल, सीताराम गुप्ता, गिरिराज भारती, रवि कुमार, बीना सोनी, रजनी सैनी, विराटनगर की प्रकल्प शिक्षिका सुनीता स्वामी, अम्बिका, पूजा, शीला, अमिता भटनागर, गुड्डी, अंजना, रजनी योगी, आयशा, प्रतिभा उदेनिया, रुचिका योगी, सोमा योगी एवं मोहनमाला स्वामी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं प्रकल्प शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

जीतो बेंगलुरु नॉर्थ एवं साउथ का भव्य दिवाली उत्सव 2026 हर्षोल्लास से संपन्न





नवकार महामंत्र, दीप प्रज्वलन और अहमदाबाद के मेट्रो मेलोडी की संगीतमय प्रस्तुतियों ने बांधा समां

दैनिक सम्राट संवाददाता

बेंगलुरु (दलपतसिंह भायल)। जीतो बेंगलुरु नॉर्थ एवं साउथ चैप्टर की ओर से पैलेस ग्राउंड्स स्थित प्रिंसेस श्राइन, गेट नंबर 9 में जीतो दिवाली उत्सव 2026 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। समारोह में दोनों चैप्टर के पदाधिकारियों, सदस्यों, गणमान्य अतिथियों एवं उनके परिवारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार महामंत्र के पावन उच्चारण के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत मंगलारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक महेन्द्र कुमार कापुरचन्द जियानी परिवार, एम.के. सिल्क साड़ीज ग्रुप तथा कुन्दनमल सुरेश कुमार मुकेश कुमार गन्ना परिवार, एस.के. ग्रुप रहे। समारोह का मुख्य आकर्षण अहमदाबाद से आए मेट्रो मेलोडी की शानदार संगीतमय प्रस्तुति रही। कलाकारों ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों का मन मोह लिया।

मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने 71वें कन्नड़ राज्योत्सव समारोह का किया उद्घाटन

सीएम विद्यार्थी सहायता योजना और ग्रामानुभव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

दैनिक सम्राट संवाददाता



बेंगलुरु (दलपतसिंह भायल)। मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने रविवार को बेंगलुरु के कांतीरवा आउटडोर स्टेडियम में स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आयोजित 71वें कन्नड़ राज्योत्सव समारोह का ध्वजारोहण कर विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहर के विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों के जुलूस का अवलोकन किया तथा बच्चों का अभिवादन स्वीकार किया। समारोह में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कन्नड़ भाषा एवं संस्कृति के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने विद्यार्थियों के कल्याण एवं शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सीएम विद्यार्थी सहायता योजना का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामानुभव कार्यक्रम की भी शुरुआत की।

समारोह में मंत्री मधु बंगारप्पा, विधायक गणेश हुक्केरी, विधान परिषद सदस्य डॉ. के. गोविंदराजू एवं ए.पी. रंगनाथ, सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव वी. रश्मि महेश, शिक्षा विभाग की आयुक्त विद्याकुमारी, डीजीपी सलीम, पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मोदी सरकार ने बम और गोलियों को शांत कर बुलेट ट्रेन का दौर शुरू किया: प्रल्हाद जोशी



बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी, कर्नाटक में रेलवे विकास के लिए 7,748 करोड़ आवंटित

दैनिक सम्राट संवाददाता

बेंगलुरु (दलपतसिंह भायल)। केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रेलवे क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। मोदी सरकार ने आतंकवादियों के बम और गोलियों को शांत कर बुलेट ट्रेन का दौर शुरू किया है। देश में रेलवे परिवहन को आधुनिक बनाने के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

वे रविवार को बेंगलुरु के सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल स्टेशन पर बेंगलुरु-मुंबई नई वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

जिला कारागृह में बंदियों ने किया योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

समाजसेवी रतनलाल शर्मा की ओर से आयोजित शिविर में योगाचार्य ने सिखाए विभिन्न योगासन, 12 वर्षों से जेल से जुड़े हैं शर्मा

दैनिक सम्राट संवाददाता



कोटपूतली-बहरोड़ (अनिल शरण बंसल)। जिला कारागृह कोटपूतली-बहरोड़ में रविवार को समाजसेवी रतनलाल शर्मा की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योगाचार्य रामोतार यादव ने कारागृह के बंदियों को सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया तथा नियमित योग के महत्व की जानकारी दी।

योगाचार्य रामोतार यादव ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से तन और मन की शुद्धि होती है। योग व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ मानसिक शांति और सकारात्मक सोच की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकालने का आह्वान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जेल प्रभारी मानाराम गर्ग ने कहा कि योग व्यक्ति को अपने मन, शरीर और आत्मा से परिचित कराने का प्रभावी माध्यम है। नियमित रूप से प्रतिदिन करीब 30 मिनट योगाभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने बंदियों को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में बताया गया कि समाजसेवी रतनलाल शर्मा पिछले 12 वर्षों से जिला कारागृह से निरंतर जुड़े हुए हैं।

इस दौरान उन्होंने जेल परिसर में वृक्षारोपण, महापुरुषों के चित्रों का प्रदर्शन तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया है। शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जेल प्रभारी मानाराम गर्ग, जेलर महादेव प्रसाद, समाजसेवी रतनलाल शर्मा, सतेंद्र चौधरी, गिरधर सिंह, रामफूल मीणा, सुरेश चंद यादव, सतीश कुमार, अशोक कुमार सहित कारागृह के बंदियों ने सहभागिता निभाई।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल को किया याद, एकता की शपथ लेकर लिया अखंडता का संकल्प



सरदार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ कार्यक्रम, एकता नगर की परेड का सजीव प्रसारण दिखाया

दैनिक सम्राट संवाददाता

कोटपूतली (अनिल शरण बंसल)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर कोटपूतली-बहरोड़ जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर सरदार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गुजरात के एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस की भव्य परेड का बड़ी स्क्रीन और साउंड सिस्टम के माध्यम से सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, विभिन्न विभागों के राज्य कर्मचारियों, समाज के प्रबुद्ध एवं गणमान्य नागरिकों, सामुदायिक पुलिस के घटकों, सीएलजी सदस्यों, युवा सीएलजी सदस्यों, महिला युवा सीएलजी सदस्यों, स्कूली विद्यार्थियों, युवाओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को देश की आंतरिक सुरक्षा, एकता एवं अखंडता बनाए रखने तथा राष्ट्र की एकता को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई गई।

भारत के उच्चायुक्त आईएफएस अमराराम गुर्जर का भव्य स्वागत

गुर्जर समाज के पहले विदेश सेवा अधिकारी के स्वागत-अभिनंदन में उमड़े लोग



दैनिक सम्राट संवाददाता

कोटपूतली-बहरोड़ (अनिल शरण बंसल)। जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हीरा मोती सिनेमा परिसर में रविवार को गुर्जर समाज के गौरव पहले भारतीय विदेश सेवा अधिकारी अमराराम गुर्जर के रविवार को कोटपूतली आगमन पर गुर्जर महासभा के तहसील अध्यक्ष नीरज पटेल के नेतृत्व में भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय हैं कि आईएफएस अमराराम गुर्जर वर्तमान में मालवी देश में भारत के उच्चायुक्त के रूप में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष नीरज पटेल व समाज के प्रबुद्धजनों ने उन्हें साफा व माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया।

स्वागत समारोह के दौरान उच्चायुक्त अमराराम गुर्जर व समाज के प्रतिनिधियों के बीच कई महत्वपूर्ण और दूरगामी विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। समाज में शिक्षा के प्रसार, युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने और कुरीतियों को मिटाकर एक सशक्त समाज के निर्माण पर विशेष मंथन किया गया। आईएफएस अमराराम ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को कड़ी मेहनत और ऊंचे लक्ष्य रखने का संदेश दिया। इस मौके पर उच्चायुक्त आईएफएस अमराराम गुर्जर के साथ आये पी. डी. गुर्जर का भी स्वागत किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल, महेंद्र सराधना, पूर्व पार्षद मुखिया पायला सहित समाज के सैकड़ों गणमान्य लोग, युवा शक्ति व प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

नगर वन में पौधारोपण और योगाभ्यास से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 50 लोगों ने लिया भाग

दैनिक सम्राट संवाददाता



कोटपूतली-बहरोड़ (अनिल शरण बंसल)। ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह-2026 के तहत रविवार को विराटनगर स्थित नगर वन में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पौधारोपण, योगाभ्यास और सतत जीवनशैली अपनाने की शपथ के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने, पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने तथा दैनिक जीवन में सतत जीवनशैली को शामिल करने का संकल्प लिया। इसके बाद आयोजित योग सत्र में प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया तथा नगर वन परिसर में पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प दोहराया। उप वन संरक्षक ब्रजमोहन गुप्ता के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा स्थानीय ग्रामीणों सहित करीब 50 लोगों ने भाग लिया। इस दौरान सहायक वन संरक्षक कोटपूतली जनेश्वर चौधरी, क्षेत्रीय वन अधिकारी पावटा सुषमा कुमारी, क्षेत्रीय वन अधिकारी विराटनगर मुकेश बाबूलाल शर्मा सहित वन विभाग के कार्मिक एवं ग्रामीण मौजूद रहे। वन विभाग की ओर से आमजन से अधिकाधिक पौधारोपण करने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर एक कार्मिक निलंबित, 164 को कारण बताओ नोटिस

अंतिम प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों पर कार्रवाई, जिला निर्वाचन अधिकारी अपर्णा गुप्ता ने दिए सख्त निर्देश

दैनिक सम्राट संवाददाता

कोटपूतली-बहरोड़ (अनिल शरण बंसल)। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 में निर्वाचन संबंधी दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। निर्वाचन कार्य में नियुक्त वाहन प्रकोष्ठ के मोटर वाहन निरीक्षक रविन्द्र सिंह भाटी, उप परिवहन कार्यालय बहरोड़ को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, मतदान दलों की रवानगी से पूर्व आयोजित अंतिम प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 164 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया कि चुनाव ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी निर्वाचन कार्मिकों को निर्धारित समय पर प्रशिक्षण एवं ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने तथा सौंपे गए दायित्वों का पूरी गंभीरता और निष्पक्षता से निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पंचायतीराज चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कायमखानी समाज के साथ संवाद, शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता से सशक्त हो रहा समाज

विकसित राजस्थान के निर्माण में हर समाज की भागीदारी जरूरी: मुख्यमंत्री

दैनिक सम्राट संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा सोच, वरिष्ठजनों का अनुभव और मातृशक्ति की सहभागिता विकास की नई राह प्रशस्त कर सकती है। उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों के शिक्षित और सशक्त होने से परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव मजबूत होती है। ऐसे में समाज के प्रबुद्धजन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने और जरुरतमंद परिवारों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को कायमखानी समाज के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प के अनुरूप डबल इंजन सरकार समृद्ध, सशक्त और विकसित भारत-विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक वर्ग तक शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।



3 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा शेखावाटी क्षेत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थापत्य कला की पहचान शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन हवेलियों को पर्यटन से जोड़ने पर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। वहीं, प्रदेश में बनाए जा रहे 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में से 3 शेखावाटी क्षेत्र से जुड़े हैं। साथ ही, इस क्षेत्र से एयर कनेक्टिविटी को लेकर भी कार्य किया जा रहा है।

ऐतिहासिक जल समझौते उतर रहे धरातल पर

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने प्रदेश में जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक पहल की है। पानी से जुड़े 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक के कार्य हाथ में लिए गए हैं। दशकों से लंबित रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल और किशाऊ समझौते सहित विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। इससे पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक विकास के लिए पानी मिलेगा और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

शिक्षा समाज की प्रगति का आधार

उन्होंने कहा कि शिक्षा और सामाजिक चेतना समाज की वास्तविक प्रगति का आधार हैं। इसी को लेकर राज्य सरकार ने छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में रहने वाले विद्यार्थियों के मैस भत्ते को 2 हजार 500 रुपये से बढ़ाकर 3 हजार 250 रुपये प्रतिमाह किया है। वहीं, विभिन्न योजनाओं के तहत 26 हजार से अधिक जरूरतमंद विद्यार्थियों को 17 करोड़ 16 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत 4 हजार 786 अभ्यर्थियों को कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। वहीं, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत लगभग 100 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए गए हैं।

गांव-गांव में अटल ज्ञान केन्द्र, युवा सपनों को दें उड़ान

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को पुस्तकालय, ई-लाइब्रेरी, ई-मित्र एवं ऑनलाइन सेवाओं के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अटल ज्ञान केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से युवाओं को पढ़ने के लिए संबंधित आवश्यक सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं, जिससे उनका शहरों की ओर पलायन रूकेगा।

राष्ट्रीय एकता व अखंडतादिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



दैनिक सम्राट संवाददाता

इटावा (ओमप्रकाश जगरोटिया)। आस्था महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आस्था शोध विकास संस्था बूंदी के अध्यक्ष श्री हसन अब्बास पठान व उपाचार्य डॉक्टर मोहम्मद उस्मान ने खेल कूद प्रतियोगिता प्रारंभ होने की घोषणा की इस दौरान महाविद्यालय में रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पुरुष वर्ग मैं बीएससी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व द्वितीय स्थान पर बी, ए बीएड द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया, महिला वर्ग में बीएड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर बी, ए बीएड द्वितीय वर्ष रही। उपाचार्य डॉक्टर उस्मान ने पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्याम बिहारी नायक ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों को सरदार के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की बात कही व सभी संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर डॉक्टर सुरेश मालव, डॉक्टर ममता नागर, डॉक्टर पूरन मल, सुमन अंग राज, मीठा लाल मीणा, बुद्धि प्रकाश मीणा, प्रदीप मालव सुमन, हरिओम आर्य, अशोक किराड़, हेमराज, ममता सामरिया, सुरभि शर्मा, गिरिराज सुमन, सुरेंद्र नागर, सुरेश सुमन, मुकेश महावर, सत्यनारायण गौतम, प्रदीप मालव, निशिका सेन, प्रिया पारेता व अन्य संकाय सदस्यों के साथ सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय केजीबीवी प्रतियोगिता: दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

दैनिक सम्राट संवाददाता

खोड़ावदा/इटावा/कोटा (ओमप्रकाश जगरोटिया)। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलों के मुकाबले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। खेल मैदान पर जहाँ खिलाड़ियों ने पसीना बहाया, वहीं मंच पर लोक संस्कृति के रंगों ने सभी का मन मोह लिया।

अतिथियों ने बढ़ाया छात्राओं का उत्साह

द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राधेश्याम चौधरी पूर्व शारीरिक शिक्षक विशिष्ट अतिथि पूर्व शारीरिक शिक्षक हसन अब्बास पठान उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बालिकाओं के कौशल की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शारीरिक शिक्षक गोपाल नागर एवम पूर्व शारीरिक शिक्षक राधेश्याम मीना ने बताया कि दूसरे दिन फाइनल मुकाबलों का रोमांच अपने चरम पर रहा। मैदान पर बालिकाओं के बीच जीत के लिए जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला, जहाँ सुल्तानपुर, मंडाना, कनवास व खोड़ावदा की टीमों ने अलग-अलग खेलों में श्रेष्ठता सिद्ध की।

वॉलीबॉल इटावा खोड़ावदा की डबल जीत

शारीरिक शिक्षक कमल शर्मा ने बताया की वॉलीबॉल के मैदान पर इटावा की 17 व 19 वर्ष वर्ग की बेटियों ने अपना एकछत्र राज कायम किया। खोड़ावदा ने शानदार तालमेल दिखाते हुए सीनियर और जूनियर दोनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया।



खो-खो: सीनियर वर्ग में मंडाना, जूनियर वर्ग मे खोड़ावदा को, चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

कबड्डी: सुल्तानपुर ने जीता सीनियर वर्ग का खिताब, जूनियर वर्ग खोड़ावदा को ख़िताब मिला।

भाला फेक में प्रतिज्ञा खोड़ावदा, लम्बी कूद में पूजा चारण, उच्ची कूद मे भारती मीना खोड़ावदा, तस्त्री फेक साक्षी मीना




खोड़ावदा आदि को प्रथम स्थान प्राप्त किया।

लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ दिल्ली के रामलीला मैदान में उमड़ा जनसैलाब

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम ने कार्यकर्ताओं के साथ लिया भाग





दैनिक सम्राट संवाददाता

कोटा/इटावा (ओमप्रकाश जगरोटिया)। नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आज कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के संयुक्त आह्वान पर आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम ने महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुई। महारैली में देशभर से उमड़े हजारों कार्यकर्ताओं और नागरिकों की भारी भागीदारी ने लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के प्रति जनभावनाओं को एक सशक्त आवाज दी। दिल्ली की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए देश की एकजुटता और संकल्प का जीवंत प्रतीक नजर आया।

इस अवसर पर शालिनी गौतम ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में उठ रही यह आवाज केवल एक राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के मताधिकार, संवैधानिक अधिकारों और लोकतांत्रिक सम्मान की रक्षा का संकल्प है। आज रामलीला मैदान से उठी आवाज ने स्पष्ट संदेश दिया है कि देश की जनता अपने वोट की ताकत और लोकतंत्र की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगी।

गोविंददेवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार का निधन

साइलेंट अटैक आया था, बेटे ने मुखाग्नि दी; गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय परंपरा से जुड़े थे

दैनिक सम्राट संवाददाता

जयपुर। जयपुर के गोविंददेवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी (77) का रविवार को निधन हो गया। दोपहर करीब 12 बजे साइलेंट अटैक आने के बाद उन्हें दुर्लभजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। जलमहल के सामने समाज बाड़ी में शाम को महंत अंजन कुमार का अंतिम संस्कार किया गया। बेटे मानस गोस्वामी ने उन्हें मुखाग्नि दी।

इससे पहले, उनकी अंतिम यात्रा सुभाष चौक क्षेत्र में पानों के दरीबे स्थित हवेली से रवाना हुई थी। अंतिम यात्रा में जयपुर के प्रमुख मंदिरों के महंत और गोविंददेवजी मंदिर से जुड़े लोग मौजूद रहे। महंत



अंजन कुमार गोस्वामी गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय परंपरा से जुड़े थे। वे मंदिर के महंत होने के साथ इसके एकमात्र सेवाधिकारी और ट्रस्टी भी थे।

महंत को बेटे ने दी मुखाग्नि

महंत अंजन कुमार गोस्वामी का जलमहल के सामने समाज बाड़ी में पंचतत्व में विलीन हुए। बेटे मानस गोस्वामी ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान मंदिर से जुड़े सभी लोग मौजूद रहे। समाज बाड़ी गोविंददेवजी के गोस्वामी परिवार के अंतिम संस्कार के लिए निर्धारित स्थल है। अंतिम यात्रा में जयपुर के प्रमुख मंदिरों के महंत भी शामिल हुए। समाज के लोगों और भक्तों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। समाज बाड़ी में गोस्वामी समाज के निर्धारित स्थल पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली में कोटा से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे



शांति धारीवाल एवं अमित धारीवाल ने किया नेतृत्व

दैनिक सम्राट संवाददाता

कोटा/इटावा (ओमप्रकाश जगरोटिया)। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित कांग्रेस की विशाल 'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली में कोटा उत्तर विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व मंत्री एवं कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के महासचिव अमित धारीवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता बसों, ट्रेनों एवं निजी वाहनों से दिल्ली पहुंचे और महारैली में सम्मिलित हुए।

इस दौरान कोटा उत्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मोदी सरकार की कथित तानाशाही के विरोध तथा लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के संकल्प के साथ कोटा की आवाज दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में बुलंद हुई। महारैली में कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार चोर है और मोदी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी, जैसे नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमित धारीवाल ने कहा कि ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना ही होगा। लोकतंत्र में मताधिकार के दुरुपयोग को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष चुनाव और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। वोट की ताकत जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का आधार है और इसकी रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर कोटा उत्तर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष डीसीसी के पदाधिकारी समेत पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

नगर पालिका इटावा का नया नवाचार- आरआर सेंटर आपके द्वार

'आरआरआर ऑन व्हील्स' के माध्यम से घर-घर जाकर पुराने कपड़े, खिलौने व किताबों का किया जा रहा संग्रहण

दैनिक सम्राट संवाददाता

इटावा (ओमप्रकाश जगरोटिया)। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 'स्वच्छ दिवाली - शुभ दिवाली' अभियान के तहत नगर पालिका इटावा अध्यक्ष निर्मला नागर के आदेशानुसार नगर पालिका द्वारा 'स्वच्छता की दीपावली, एक रुपये वाली' विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका इटावा की आईईसी टीम द्वारा वार्डों में 'आर आर आर ऑन व्हील्स' वाहन के माध्यम से घर-घर जाकर नागरिकों से पुराने कपड़े, खिलौने, किताबें एवं अन्य अनुपयोगी (जो अन्य किसी के लिए अनुपयोगी नहीं है) वस्तुओं का संग्रहण किया जा रहा है। टीम द्वारा वाहन पर लगे माइक सिस्टम के माध्यम से नागरिकों को अभियान की जानकारी दी जा रही है तथा उन्हें ऐसी वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जो



उनके घरों में उपयोग में नहीं आ रही हैं, लेकिन किसी जरूरतमंद व्यक्ति के काम आ सकती हैं।

अभियान के तहत एकत्रित की गई वस्तुओं को मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र (आर आर आर सेंटर),नगर पालिका इटावा परिसर में जमा किया जाएगा तथा अगर उनमें किसी सुधार की आवश्यकता है तो उन्हें पालिका स्तर पर दुरुस्त कर वस्तुओं को किसी जरूरतमंद व्यक्ति द्वारा प्राप्त किया जा सकेगा । इस अभियान का उद्देश्य दीपावली के पावन पर्व पर लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरना और उनके चेहरों पर मुस्कान लाना है।

नगर पालिका की इस पहल के माध्यम से इस दीपावली खुशियां केवल अपने घर तक सीमित न रखें, बल्कि सबके साथ बांटकर त्योहार को और भी खास बनाएं। क्योंकि सच्ची दीपावली वही है, जब किसी के चेहरे पर मुस्कान आए और हर घर में खुशियों का दीप जले। इस अभियान में नगर पालिका नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी राजू लाल मीना, स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार मेघवाल एवं स्वच्छ भारत मिशन अभियंता अभिषेक गुप्ता का पूर्ण सहयोग रहा तथा धरातल पर आईईसी पार्टनर क्लेवेरिनो की टीम से करीना बैरवा, सोहन लाल प्रजापति, नवीन सरोया, आईशा बानो एवं आम नागरिक के सहयोग से यह कार्य किया गया और आगामी 10 दिन तक किया जायेगा।

सांस्कृतिक संध्या में खिलाड़ियों ने बिखेरे कला के रंग, लोक नृत्यों ने मोहा मन

दैनिक सम्राट संवाददाता

इटावा (ओमप्रकाश जगरोटिया)। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की जिलास्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के प्रथम दिन खेलों के रोमांच के बाद रात्रि सत्र में सांस्कृतिक छटा बिखरी। छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विविध वेशभूषा और भक्ति का संगम: छात्रावास वार्डन शालिनी गौड़ ने बताया कि सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दौरान टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। छात्राओं ने विचित्र वेशभूषा, एकल नृत्य और समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान मंच पर भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम दिखा। प्रतियोगिता में राजस्थान की लोक संस्कृति पूरी रंगत में नजर आई। छात्राओं ने पारंपरिक तेरहताली नृत्य और गोरबंद जैसे प्रसिद्ध लोक नृत्यों की प्रस्तुति देकर राजस्थान की समृद्ध विरासत को मंच पर उतारा। कार्यक्रम का सफल संचालन शा.शि. रश्मि नामदेव द्वारा किया गया। जज का सुनयना शर्मा व्याख्याता, रेणु प्रजापत अध्यापक, संजू मीणा अध्यापक ने दायित्व निभाया। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य तुलसीराम मीणा, सचिव सुषमा अहरी, सहायक वार्डन अनुसुइया मीणा और लिपिक रेखा शर्मा, पार्वती मीणा, मनीष पंकज, शारीरिक शिक्षक कालूलाल खटीक, गोविंद मेहरा, महेंद्र गोचर, ओमशंकर सावरिया, नरेंद्र महावर, त्रिलोक चंद मीना, टीकम चंद रेगर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

एआई से बीमारी पूछकर खुद इलाज करना पड़ सकता है भारी, अधूरी जानकारी पर गलत निदान का खतरा

दैनिक सम्राट संवाददाता

जयपुर। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच अब चिकित्सा विशेषज्ञों ने आमजन को एक गंभीर चेतावनी दी है। इंटरनेट या एआई पर बीमारी के लक्षण बताकर खुद बीमारी का निदान करना और उपचार शुरू कर देना खतरनाक हो सकता है। एआई उतनी ही सटीक जानकारी दे सकता है, जितनी सही और पूरी जानकारी उसे उपलब्ध कराई जाती है। यदि मरीज अपनी बीमारी के लक्षण अधूरे बताता है या गलत जानकारी देता है तो एआई का जवाब भी गलत दिशा में ले जा सकता है। इतना ही नहीं, किसी नई बीमारी के बारे में पर्याप्त वैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध नहीं होने पर एआई उसकी सही पहचान करने में सक्षम नहीं हो सकता।

मार्टिन को मलेशिया में फ्री प्रैक्टिस 1 में हिस्सा लेने की हरी झंडी मिली

सेपांग/एजेंसी। अप्रिलिया के जॉर्ज मार्टिन को मेडिकल चेकअप के बाद शुक्रवार सुबह मलेशियाई ग्रैंड प्रिक्स में फ्री प्रैक्टिस 1 में हिस्सा लेने की हरी झंडी मिल गई है। मोटोजीपी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। 2024 के चैंपियन को ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स स्प्रिंट क्रैश के दौरान कलाई में फ्रैक्चर हो गया था। उनकी दाहिनी कलाई में डिस्टल रेडियस के नॉन-डिस्प्लेस्ड फ्रैक्चर के कारण सेपांग इंटरनेशनल सर्किट में हिस्सा लेने पर बड़ा शक था। हालांकि, अप्रिलिया राइडर को शुक्रवार सुबह के अभ्यास में हिस्सा लेने की मंजूरी मिल गई है। एफपी1 के बाद मोटोजीपी की मेडिकल टीम उनका रिव्यू करेगी। सिर्फ मार्टिन ही नहीं, राउल फर्नांडीज को भी एफपी1 में रेस के लिए फिट घोषित कर दिया गया है, क्योंकि उन्हें भी उंगली टूटने के कारण ऑस्ट्रेलियन जीपी के लिए अनफिट घोषित कर दिया गया था।

जर्मन कप : बायर्न म्यूनिख ने मैगडेबर्ग को 6-1 से रौंदा



म्यूनिख/एजेंसी। जर्मन कप के दूसरे दौर में बायर्न म्यूनिख फुटबॉल क्लब ने दूसरे डिवीन की टीम मैगडेबर्ग को 6-1 से हराया। मैच के पहले हाफ में मैगडेबर्ग ने कड़ी चुनौती दी, लेकिन बायर्न ने शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की। इस मैच में माइकल ओलिस ने दो गोल किए और एक गोल करने में मदद भी की। बायर्न म्यूनिख के मैनेजर हाल ही में अस्पताल में भर्ती होने के बाद विंसेंट कॉम्पनी को छुट्टी तो मिल गई थी, लेकिन वह इस मैच में मौजूद नहीं थे। उनकी जगह असिस्टेंट कोच आरोन डैंक्स ने टीम की कमान संभाली। बैलोन डी ओर जीतने के बाद हैरी केन को इस मैच में आराम दिया गया था।

सुजीत का 24 मैचों में जीत का क्रम टूटा

अस्ताना/एजेंसी। पिछले एक साल से शानदार प्रदर्शन कर रहे सुजीत कलकल का विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा रहा और वह पुरूषों के 65 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुल मजीद कुदियेव से हार गए। पिछले बारह महीने में अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप, 2026 एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों समेत सात खिताब जीत चुके सुजीत पिछले साल जगरेब में विश्व चैम्पियनशिप के रेपेशाज दौर के बाद से पहली बार हारे हैं। सुजीत ने एशियाई खेलों के फाइनल में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2.9 से पिछड़ने के बाद लगातार आठ अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन उस प्रदर्शन को यहां दोहरा नहीं सके। इसके साथ ही सुशील कुमार (2010) के बाद अपना दूसरा विश्व चैम्पियन देखने की भारत की उम्मीदों पर भी पारी फिर गया। सुजीत ने सक्रिय नहीं होने के कारण पहला अंक गंवा दिया लेकिन पहले पीरियड के खत्म होने से पांच सेकंड पहले कुदियेव को गिराकर 2.1 की बढत बनाई। इसके बाद कुदियेव को निष्क्रियता का खामियाजा भुगतना पड़ा और सुजीत की बढत 3.1 की हो गई। आखिरी 30 सेकंड में मैच का रूख पलट गया।



कारबाओ कप: लिवरपूल ने कटाया क्वार्टर फाइनल का टिकट

नई दिल्ली। लिवरपूल फुटबॉल क्बल ने एनफील्ड में खेले गए मुकाबले में चेल्सी को पेनल्टी शूटआउट में 6-5 से हराकर काराबाओ कप के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। चेल्सी के मैनेजर जाबी अलोंसो की एनफील्ड में वापसी उनके लिए निराशाजनक रही। एक कड़े मुकाबले में दोनों टीमों ने निर्धारित समय में एक-एक गोल किए। पहले हाफ के आखिरी पांच मिनटों में मॉर्गन रोजर्स के शुरूआती गोल का जवाब कोडी गैकपो ने गोल करके दिया, जिससे स्कोर 1-1 की बराबरी पर आ गया। हालांकि, अंत में लिवरपूल ने बाजी मारी। जो गोमेज ने अपना पेनल्टी शॉट सफलतापूर्वक गोल में बदला, जबकि वेस्ली फोफाना अपना शॉट चूक गए, जिससे मैच का नतीजा तय हो गया।



ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए बुरी खबर, दिसंबर से पहले नहीं हो सकेगी स्टीव स्मिथ की मैदान पर वापसी



नई दिल्ली/एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया को स्टीव स्मिथ की वापसी के लिए दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज तक इंतजार करना होगा। स्कैन से पता चला है कि उन्हें सर्वाइकल फैसेट जॉइंट (गर्दन के जोड़) में चोट लगी है। इस चोट के कारण वो अनुभवी बल्लेबाज को केपटाउन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ चल रहे निर्णायक टेस्ट मैच से बाहर होना पड़ा।

स्मिथ के सर्वाइकल फैसेट जॉइंट में चोट

पिछले हफ्ते गेबेरहा में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन स्टीव स्मिथ को गर्दन में दर्द महसूस हुआ। यह समस्या बनी रही और गर्दन की सीमित हलचल के कारण उन्हें तीसरे टेस्ट मैच से बाहर होना पड़ा, जो मंगलवार से शुरू हुआ है। इसके बाद में हुई मेडिकल जांच से चोट की प्रकृति साफ हो गई है और उनके ठीक होने के समय के बारे में भी स्पष्ट जानकारी मिल गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि 37 वर्षीय खिलाड़ी आगामी घरेलू सीरीज तक चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। इस दौरान उनका इलाज और रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) जारी रहेगा।

बिजनस

बीवायडी जल्द लॉन्च करेगी अपने लग्जरी ब्रांड डेंजा को

नई दिल्ली. एजेंसी। भारत में बीवायडी कंपनी अपने लग्जरी ब्रांड डेंजा को लॉन्च करने जा रही है। भारतीय बाजार में डेंजा की आधिकारिक शुरूआत 13 नवंबर 2026 को होगी। शुरूआती दौर में डेंजा की ओर से दो लग्जरी इलेक्ट्रिक मॉडल पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें जेड9 जीटी और डी 9 शामिल हैं। इनकी कीमतें बीवायडी के मौजूदा मॉडल्स से काफी अधिक होंगी। डेंजा जेड9 जीटी कंपनी का प्रमुख मॉडल होगा, जिसे एक आकर्षक डिजाइन वाली शूटिंग ब्रेक कार के रूप में तैयार किया गया है। भारतीय बाजार में इसकी संभावित कीमत 1.20 करोड़ से 1.50 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। जेड9 जीटी में 122.5 किलोवाट-घंटे की बैटरी और तीन मोटर वाला इलेक्ट्रिक सिस्टम दिया गया है, जो कुल 1,156 हॉर्सपावर की ताकत पैदा करता है।

सरकारी योजनाओं के तहत छोटे कारोबारियों को कर्ज देने में निजी बैंक पीछे

मुंबई. एजेंसी। छोटे कारोबारियों, पारंपरिक कारीगरों और रेहड़ी-पटरी वालों को कर्ज उपलब्ध कराने के मामले में निजी क्षेत्र के बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में काफी पीछे हैं। अक्टूबर 2026 की सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार की प्रमुख वित्तीय समावेशन योजनाओं के तहत निजी बैंकों का प्रदर्शन कमजोर रहा है और कई योजनाओं में वे निर्धारित लक्ष्य का 30 प्रतिशत भी हासिल नहीं कर सके हैं। इसके विपरीत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक छोटे ऋणों के वितरण और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अपेक्षाकृत बेहतर भूमिका निभा रहे हैं। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे पीएम स्वनिधि (रेहड़ी-पटरी वालों के लिए), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (सूक्ष्म और छोटे उद्यमों के लिए) और पीएम विश्वकर्मा योजना (कारीगरों और शिल्पकारों को प्रशिक्षण व रियायती कर्ज के लिए) का उद्देश्य इन कमजोर वर्गों को वित्तीय सहायता देना है।

टाटा पावर डीडीएल, एनसीआरटीसी ने किया समझौता

नई दिल्ली. एजेंसी। बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने प्रस्तावित 136.3 किलोमीटर लंबे दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत गलियारे में पारेषण लाइन समेत बिजली की बुनियादी संरचना को स्थानांतरित करने के लिए समझौता किया है। टाटा पावर डीडीएल ने बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत कंपनी बिजली नेटवर्क को स्थानांतरित करने की निगरानी करेगी और एनसीआरटीसी को इसके लिए जरूरी अनुमति देगी। इसके जरिये यह सुनिश्चित किया जाएगा कि काम सुरक्षा, विश्वसनीयता और वैधानिक मानकों के अनुरूप हो। टाटा पावर-डीडीएल के ग्राहक अनुभव, वाणिज्यिक एवं कॉरपोरेट संचार मामलों की प्रमुख किरण गुप्ता और एनसीआरटीसी के कंपनी सचिव विजय कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बयान के अनुसार, इस गलियारे में 21 स्टेशन होंगे, जिनमें छह दिल्ली और 15 हरियाणा में होंगे। इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तेज परिवहन संपर्क उपलब्ध कराने के लिए विकसित किया जा रहा है।

अदाणी एंटरप्राइजेज का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली. एजेंसी। उद्योगपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाले समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत घटकर 1,492 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 3,304 करोड़ रुपये था। उस समय कंपनी ने 3,583 करोड़ रुपये का असाधारण लाभ दर्ज किया था, जो मुख्य रूप से एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में अपनी बची हुई हिस्सेदारी बेचने से हुआ था।

छमाही के मजबूत प्रदर्शन के बाद पूरे साल का अनुमान बढ़ाया

अदाणी पोर्ट्स का मुनाफा 18% बढ़कर 3,682 करोड़ रुपए

अहमदाबाद. एजेंसी



अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीसेजेड) ने बुधवार को वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी का समेकित मुनाफा सालाना आधार पर 18% बढ़कर 3,682 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 3,120 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार पर 24% बढ़कर 11,340 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 9,167 करोड़ रुपए थी। सितंबर तिमाही में कंपनी का EBITDA भी 23% बढ़कर 6,807 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 5,550 करोड़ रुपए था। कंपनी ने वित्त वर्ष 2027 के लिए आय की गाइडेंस 1,000 करोड़ रुपए बढ़ाकर 44,000-46,000 करोड़ रुपए कर दी है। वहीं, EBITDA गाइडेंस भी 1,000 करोड़ रुपए बढ़ाकर 26,000-27,000 करोड़ रुपए कर दी गई है। कंपनी के अनुसार, उसके घरेलू पोर्ट्स की आय सालाना आधार पर 13% बढ़ी है और EBITDA मार्जिन 72.5% रहा। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय पोर्ट्स से आय में सालाना आधार पर 71% की वृद्धि हुई और EBITDA मार्जिन 47.7% रहा। अदाणी पोर्ट्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा कि वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही शानदार रही। घरेलू पोर्ट्स कंपनी की कमाई का मुख्य आधार बने हुए हैं, जबकि अंतर्राष्ट्रीय पोर्ट्स, लॉजिस्टिक्स और मरीन कारोबार विकास के मजबूत इंजन के रूप में उभर रहे हैं। पहली छमाही के प्रदर्शन को देखते हुए कंपनी ने आय, एइक्ळऊअ और पूंजीगत व्यय के अनुमानों में बढ़ोतरी की है।

पहली छमाही में भी मजबूत प्रदर्शन

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल-सितंबर अवधि में कंपनी की आय सालाना आधार पर 21% बढ़कर 22,161 करोड़ रुपए रही। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 18,294 करोड़ रुपए थी। इस दौरान कंपनी का मुनाफा 14% बढ़कर 7,332 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले साल यह 6,431 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में कंपनी का एइक्ळऊअ सालाना आधार पर 21% बढ़कर 13,347 करोड़ रुपए हो गया। मजबूत परिचालन प्रदर्शन के चलते कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय अनुमान में भी बढ़ोतरी की है।

वेदांता का मुनाफा दूसरी तिमाही में 151 गुना बढ़ा

मुंबई

खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2026) में समेकित आधार पर 6,202 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 151 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बुधवार को निदेशकमंडल की बैठक के बाद वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

2030 तक 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य, भारत बनेगा स्वच्छ ऊर्जा का वैश्विक केंद्र

नई दिल्ली. एजेंसी

भारत ने 2030 तक प्रतिवर्ष 50 लाख मीट्रिक टन (5 एमएमटी) ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता विकसित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक फैक्टशीट के अनुसार, यह पहल देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, आयातित जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और भारत को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का मानना है कि राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन भारत को अधिक स्वच्छ, आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी ऊर्जा अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। मिशन के तहत वर्ष 2030 तक जीवाश्म ईंधन आयात पर होने वाले कुल खर्च में लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की बचत का अनुमान है। इस मिशन का



उद्देश्य केवल ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाना नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को भी नई गति देना है। सरकार का अनुमान है कि इस पहल से 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आकर्षित होगा और विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, अनुसंधान तथा परियोजना विकास जैसे क्षेत्रों में 6 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। फैक्टशीट में कहा गया है कि मिशन के तहत निर्धारित मात्रा में ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन और उपयोग होने से हर वर्ष लगभग 5 करोड़ टन (50 एमएमटी) कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को रोका जा सकेगा। इससे भारत के जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में उल्लेखनीय मदद मिलेगी। ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए छह राज्यों ने पहले ही समर्पित नीतियां अधिसूचित कर दी हैं। इनमें गुजरात, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इसके अलावा हरियाणा, पंजाब, बिहार और केरल अपनी-अपनी ग्रीन हाइड्रोजन नीतियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं। वहीं हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों ने ग्रीन हाइड्रोजन को अपनी मौजूदा औद्योगिक और नवीकरणीय ऊर्जा नीतियों में शामिल किया है।

खुलेगा अंताला इंडस्ट्रीज का पब्लिक इश्यू, 2 नवंबर तक लगा सकेंगे बोली

नई दिल्ली. एजेंसी। पैकेजिंग सेक्टर की कंपनी अंताला इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 23.33 करोड़ रुपये का आईपीओ कल सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। यह कंपनी इंडस्ट्रियल और कमर्शियल पैकेजिंग उत्पादों जैसे बीओपीपी बैग,



बीओपीपी प्रिंटिंग रोल्स, पीपी वुवेन बैग और वुवेन लैमिनेशन रोल्स के निर्माण, प्रोसेसिंग और प्रिंटिंग का काम करती है। इसके उत्पादों का उपयोग मुख्य रूप से फूड प्रोसेसिंग, फर्टिलाइजर्स, केमिकल्स, सीमेंट और बीज उद्योगों में किया जाता है। कंपनी के इस आईपीओ में निवेशक 2 नवंबर तक बोली लगा सकते हैं। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 3 नवंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 4 नवंबर को सफल निवेशकों के डीमैट अकाउंट में शेयर क्रेडिट कर दिए जाएंगे। इसी दिन जिन निवेशकों को शेयर का अलॉटमेंट नहीं हुआ होगा, उनके लिए रिफंड की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

स्टॉक मार्केट में पारस हेल्थकेयर की मामूली बढ़त के साथ एंट्री, फायदे में आईपीओ निवेशक

नई दिल्ली. एजेंसी

उत्तर भारत, बिहार और झारखंड में 'पारस हेल्थ' ब्रांड के तहत अस्पताल संचालित करने वाली दिग्गज कंपनी पारस हेल्थकेयर लिमिटेड के शेयरों ने बुधवार को स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 693 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई दोनों प्रमुख एक्सचेंजों पर इसकी



लिस्टिंग 3.90 प्रतिशत के मामूली प्रीमियम के साथ 720 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बाजार मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण यह शेयर लुढ़क कर 706 रुपये के स्तर तक आ गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस शेयर की चाल में तेजी आ गई। खरीदारी के सपोर्ट से यह शेयर उछल कर 748.85 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद एक बार फिर मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से यह शेयर ऊपरी स्तर से लुढ़क गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 12 बजे तक का कारोबार होने के बाद यह शेयर 725.30 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 32.30 रुपये यानी 4.66 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। इस कंपनी का 1,450 करोड़ रुपये का आईपीओ 21 से 23 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण यह ओवरऑल 2.34 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

पंचायतीराज आम चुनाव के तृतीय चरण के लिए मतदान दल आज अंतिम प्रशिक्षण के बाद होंगे रवाना

3 नवंबर को जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्य तथा 5 नवंबर को सरपंच पदों के लिए मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी परिसर का दौरा कर मतदान दलों की रवानगी एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा, 442 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दल होंगे रवाना

दैनिक सम्राट संवाददाता



जयपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने रविवार को श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सीकर रोड परिसर का दौरा कर तृतीय चरण के मतदान दलों की रवानगी एवं निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दलों के अंतिम प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री वितरण, वाहन पार्किंग तथा मतदान दलों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने तथा मतदान दलों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि पंचायतीराज आम चुनाव के तहत जयपुर जिले में तृतीय चरण के मतदान की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसके लिए 2 नवंबर को मतदान दल अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी परिसर से संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे।

उन्होंने बताया कि मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, ईवीएम के संचालन, बैलेट पेपर तथा निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के पश्चात मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। मतदान दलों की सुविधा के लिए वाहन पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि तृतीय चरण के तहत जिला परिषद के वार्ड संख्या 27 से 37, जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों चाकसू, कोटखावदा, माधोराजपुरा, फागी एवं सांगानेर में जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्य तथा पंच-सरपंच पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। इस चरण में चाकसू पंचायत समिति के 17 पंचायत समिति वार्ड और 32 ग्राम पंचायतों के लिए 93 मतदान केंद्र, कोटखावदा के 15 पंचायत समिति वाड और 27 ग्राम पंचायतों के लिए 82 मतदान केंद्र, माधोराजपुरा के 15 पंचायत समिति वार्ड और 25 ग्राम पंचायतों के लिए 93 मतदान केंद्र, फागी के 15 पंचायत समिति वार्ड और 26 ग्राम पंचायतों के लिए 90 मतदान केंद्र तथा सांगानेर के 15 पंचायत समिति वार्ड और 23 ग्राम पंचायतों के लिए 84 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में कुल 3 लाख 74 हजार 816 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 1 लाख 93 हजार 206 पुरुष, 1 लाख 81 हजार 609 महिला तथा एक अन्य मतदाता शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि तृतीय चरण के तहत जिला परिषद के वार्ड संख्या 27 से 37 तथा पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 3 नवंबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। पंच एवं सरपंच पदों के लिए 4 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके बाद 5 नवंबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा तथा मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी। उपसरपंच पद के लिए 6 नवंबर को चुनाव आयोजित किया जाएगा। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए सभी चरणों की मतगणना 20 नवंबर को प्रातः 8 बजे से श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी परिसर में की जाएगी।

अनहोनी: दोस्त से मिलने के लिए रुके थे, धनपाल 8 बहनों का इकलौता भाई था

सड़क किनारे खड़े तीन दोस्तों को ट्रॉले ने कुचला, मौत

दैनिक सम्राट संवाददाता

बांसवाड़ा। बांसवाड़ा जिले में शुक्रवार रात 9 बजे एक सड़क हादसे में 3 दोस्तों की मौत हो गई। नेशनल हाईवे-56 पर लसोड़िया पाड़ी के पास सड़क किनारे खड़े तीन दोस्त बातचीत कर रहे थे, तभी भील कुआं की तरफ से आए ट्रोले ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में तीनों की जान चली गई। मृतकों में 21 साल के धनपाल आठ बहनों का इकलौता भाई था। जिस भाई को बहनें अपना सहारा मानती थीं, उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं।

दोस्त को देखकर बाइक रोकी थी

एएसआई अमर सिंह ने बताया- सज्जनगढ़ थाने में संदलाई बड़ी निवासी प्रदीप ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार (30 अक्टूबर) रात करीब 9 बजे भड़वेल निवासी सुनील पुत्र फूलजी पटेल (25) लसोड़िया पाड़ी में नेशनल हाईवे के किनारे अपनी साइड में खड़ा था। इसी दौरान खुदनी हाला की तरफ से बाइक पर सेंड नानी



निवासी अंकित पुत्र रमेश मछार (21) और संदलाई बड़ी निवासी धनपाल पुत्र सोहनलाल डोडियार (21) आ रहे थे।

रास्ते में सड़क किनारे अपने दोस्त सुनील को खड़ा देखकर अंकित और धनपाल ने बाइक रोक दी। इसके बाद तीनों दोस्त सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत करने लगे। इसी दौरान भील कुआं की तरफ से आ रहे ट्रोले ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

लोगों ने हॉस्पिटल पहुंचाया, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने सज्जनगढ़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों युवकों को सज्जनगढ़ अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

आठ बहनों का इकलौता भाई था धनपाल

हादसे में जान गंवाने वाला धनपाल 8 बहनों का इकलौता भाई था। परिवार में वह सभी बहनों का लाडला था और उनका सहारा भी था। उसकी मौत से आठों बहनें गहरे सदमे में हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

ट्रोला जब्त, जांच शुरू

पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रोले को जब्त कर थाने में खड़ा किया है। एएसआई अमर सिंह के अनुसार परिवादी की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के कारणों और अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। तीन युवा दोस्तों की एक साथ मौत से लसोड़िया पाड़ी सहित आसपास के गांवों में शोक की लहर है।

बांसवाड़ा में 75 साल की बुजुर्ग पर लेपर्ड का हमला

दैनिक सम्राट संवाददाता

बांसवाड़ा। जिले के कुशलगढ़ थाना क्षेत्र के सूरजकुंड गांव में लेपर्ड के हमले से एक बार फिर दहशत फैल गई है। घर के बाहर बैठी 75 साल की बुजुर्ग महिला पर लेपर्ड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। बुजुर्ग का चेहरा बुरी तरह नोंच लिया, वहीं, शरीर पर 50 टांके भी आए हैं।

चाय पीकर घर के बाहर बैठी थीं बुजुर्ग

बुजुर्ग के पोते मनीष ने बताया- सूरजकुंड गांव निवासी 75 साल की कस्तुरी पत्नी नाथीया डामोर सुबह चाय पीने के बाद घर के बाहर चारपाई पर बैठी हुई थीं। इसी दौरान अचानक वहां एक लेपर्ड आ गया और बुजुर्ग महिला पर हमला बोल दिया। लेपर्ड ने उनके सिर, दोनों आंखों के पास, चेहरे, दोनों हाथों और पैरों पर कई जगह बुरी तरह नोंचा, जिससे उनके शरीर पर गहरे घाव हो गए। महिला की चीख-पुकार और परिजन जमा हो गए। जिसके बाद लेपर्ड वहां से जंगल की तरफ भाग गया। परिजन गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को निजी वाहन से इलाज के लिए कुशलगढ़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें बांसवाड़ा के महात्मा गांधी (एमजी) हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

उदयपुर-ट्रेलर रॉन्ग साइड में दमकल से भिड़ा, 2-फायरमैन जिंदा जले

दैनिक सम्राट संवाददाता

उदयपुर। उदयपुर के ऋषभदेव थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 पर ट्रेलर से भिड़ंत के बाद दमकल में आग लग गई। हादसे में 2 फायरमैन जिंदा जल गए। दमकल और ट्रेलर का ड्राइवर गंभीर घायल हैं। एक्सीडेंट रविवार सुबह 11 बजे माकडजपा गांव के पास हुआ। हादसा इतना भीषण था कि दोनों फायरमैन की हड्डी तक जल गईं। नेशनल हाईवे पर करीब एक घंटे तक एक किलोमीटर लंबा जाम रहा।



दूसरी लेन में घुसा ट्रेलर

ऋषभदेव थानाधिकारी हेमंत अहारी ने बताया अग्नि रक्षक नाम की निजी कंपनी की फायर ब्रिगेड है। जो पश्चिमी बंगाल नंबर की है। ये गाड़ी गुजरात से उदयपुर की तरफ जा रही थी। जिस ट्रेलर से भिड़ंत हुई है वो उदयपुर की तरफ से अहमदाबाद की ओर जा रहा था। वह पहले आगे चल रहे ट्रेलर से टकराया, फिर अनियंत्रित होकर हाईवे की दूसरी लेन में फायर ब्रिगेड से भिड़ गया। हादसे के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड के केबिन में आग लग गई।

थानाधिकारी ने बताया कि भिड़ंत के कारण फायर ट्रक का केबिन बुरी तरह पिचक गया था। उसमें लगी आग के कारण ड्राइवर सहित तीन लोग अंदर ही फंस गए थे। स्थानीय लोगों ने ड्राइवर को आग के बीच से ही बाहर खींच लिया था, लेकिन दो फायरमैन जिंदा जल गए। फिलहाल उनकी पहचान नहीं हो सकी है। फायर ब्रिगेड जिस कंपनी की थी, उससे कॉन्टैक्ट किया जा रहा है। हादसे में ट्रेलर ड्राइवर भी घायल हुआ। दोनों घायलों को उदयपुर एक एमबी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। ट्रांसपोर्ट और पुलिस डिपार्टमेंट के अलग-अलग डेटा के अनुसार राजस्थान देशभर में सड़क हादसों में छठे स्थान पर बना हुआ है। राज्य में वर्ष 2025 में हुए कुल 23,820 हादसों में से 15,647 दुर्घटनाएं तेज गति के कारण हुईं। इनमें करीब 7,600 लोगों की जान गई। वर्ष 2025 में हादसे कम हुए, लेकिन मौतें ज्यादा हुई हैं।

पत्नी की आरटीआई से निजी जानकारी निकालना व जबरन सैलेरी निकालना मानसिक क्रूरता: हाईकोर्ट

दैनिक सम्राट संवाददाता



जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पत्नी के सैलरी अकाउंट के एटीएम कार्ड से जबरन पैसे निकालने, सहकर्मियों के साथ उसके अवैध संबंध होने के झूठे आरोप लगाने और आरटीआई के जरिए उसकी निजी जानकारी मांगने को मानसिक क्रूरता माना है।

जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने पति की अपील खारिज करते हुए अलवर फैमिली कोर्ट-2 की ओर से जारी की गई तलाक की डिक्री को बरकरार रखा है। अदालत ने अपने फैसले में माना कि पति की ओर से लगाए गए सभी आरोपों का पत्नी ने फैमिली कोर्ट में तथ्यों के साथ खंडन किया था।

वहीं पति की ओर से पत्नी की मेडिकल और सैलरी संबंधित जानकारी मांगने के लिए आईटीआई लगाने के तथ्य भी फाइल में मौजूद हैं। यही नहीं, दोनों साल 2018 से अलग-अलग रह रहे हैं। ऐसे में दोनों के बीच दाम्पत्य संबंध फिर से जुड़ने की कोई संभावना नहीं बची है।

पत्नी के साथ रह रही बेटियां: पत्नी की ओर से अधिवक्ता शोवित झांझड़िया ने अदालत को बताया कि दोनों की शादी 6 फरवरी 2010 को हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। उनकी दो बेटियां हैं, जो पत्नी के साथ रह रही हैं।

पत्नी का एटीएम कार्ड पति अपने पास रखता था: पत्नी ने आरोप लगाया कि उसके एटीएम कार्ड को भी पति ने अपने पास रख लिया था। उससे सैलरी के पैसे भी निकालता था। पत्नी का आरोप है कि उसे अपना एटीएम कार्ड खुद के पास रखने की परमिशन भी नहीं थी।

इस पर हाईकोर्ट ने कहा- पत्नी ने फैमिली कोर्ट में अपने बयान के दौरान इन तथ्यों को रखा था और जिरह के दौरान भी इस संबंध में सबूत दिए थे। खंडपीठ ने पति के इस बर्ताव को वैवाहिक संबंधों में क्रूरता के प्रश्न पर विचार करते समय महत्वपूर्ण माना।

नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मूल्यांकन तंत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

दैनिक सम्राट संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इसी क्रम में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन के सहयोग से विकसित नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मूल्यांकन तंत्र (आरई-एसएएफ) के अंतर्गत देश के सर्वश्रेष्ठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में राजस्थान ने श्रेष्ठ उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि राज्यों का यह मूल्यांकन नवीकरणीय ऊर्जा विकास, नीतिगत एवं नियामकीय व्यवस्था, ग्रिड की तैयारी, डिस्कॉम के प्रदर्शन तथा निवेश के अनुकूल वातावरण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर किया गया है। इस मूल्यांकन का उद्देश्य राज्यों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देना है। इस उपलब्धि पर केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव संतोष सारंगी ने मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास को पत्र भेजकर राज्य सरकार के प्रयासों को सराहा है। वहीं 2 नवंबर से 5 नवंबर 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहे भारत अक्षय ऊर्जा समिट एवं एक्सपो-2026 के समापन सत्र में दिनांक 05 नवंबर 2026 को माननीय उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान को सम्मानित भी किया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राजस्थान को मिलने जा रहा यह सम्मान राज्य सरकार के सतत प्रयासों एवं प्रभावी पहलों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 51.6 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता तथा 45 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है।

बाड़मेर मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, बाल काटे, गालियां दी, अश्लील कंटेंट शेयर किया

15 छात्राओं समेत 80 स्टूडेंट पर कार्रवाई; 13 को हॉस्टल से निकाला

दैनिक सम्राट संवाददाता

बाड़मेर। बाड़मेर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स से रैगिंग की गई। 'व्हाइट हाउस' (सफेद रंग का कमरा) में जूनियर स्टूडेंट्स के बाल काटे गए। इंट्रोडक्शन मांगने, सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट डालने और वॉट्सएप चैट में गालियां लिखने की बात सामने आई है।

मामले में एंटी रैगिंग कमेटी की जांच के बाद 30 अक्टूबर को 15 छात्राओं समेत 80 सीनियर स्टूडेंट के खिलाफ कार्रवाई की। 13 स्टूडेंट को हॉस्टल से निकाल दिया, जबकि अन्य के खिलाफ क्लास और कल्चरल एक्टिविटी से प्रतिबंध सहित अलग-अलग कार्रवाई की गई। नेशनल हेल्थ कमीशन की ओर से रिपोर्ट मांगे जाने पर कॉलेज प्रशासन ने 29 अक्टूबर को जांच रिपोर्ट सौंप दी।



प्रिंसिपल बोले- जूनियर्स से मारपीट नहीं हुई

कॉलेज प्रिंसिपल अनूप सिंह गुर्जर ने बताया- कॉलेज प्रशासन ने सभी संबंधित स्टूडेंट के मोबाइल जब्त कर चैट और वीडियो की जांच की। वॉट्सएप चैट में सीनियर स्टूडेंट जूनियर से इंट्रोडक्शन मांग रहे थे। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कंटेंट डाला गया था और गालियां भी लिखी हुई थीं। जूनियर स्टूडेंट से मारपीट नहीं हुई।

कमेटी ने जूनियर स्टूडेंट्स से बात की

दरअसल, मेडिकल कॉलेज प्रशासन को रैगिंग की शिकायत मिली थी। इसके बाद कमेटी ने शिकायतों की एक-एक बात की जांच की और जूनियर स्टूडेंट से बातचीत की। कमेटी ने जूनियर और सीनियर स्टूडेंट के मोबाइल जब्त कर उनकी वॉट्सएप चैट सहित अन्य सामग्री की जांच की। इस दौरान मोबाइल में आपत्तिजनक और अश्लील चैट भी मिली।

13 स्टूडेंट को हमेशा के लिए हॉस्टल से निकाला

प्रिंसिपल अनूप सिंह गुर्जर ने बताया- जांच प्रक्रिया में 3 से 4 घंटे लगे। 80 सीनियर स्टूडेंट के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 6 स्टूडेंट्स को हॉस्टल से निकाल दिया गया है। 60 दिन के लिए एजुकेशनल एक्टिविटी (लेक्चर, प्रैक्टिकल, क्लिनिकल पोस्टिंग, परीक्षा) से बाहर किया गया है। एक साल तक कल्चरल और गेम्स एक्टिविटी में शामिल होने पर भी रोक लगाई गई है। वहीं, 7 स्टूडेंट्स को हॉस्टल से निकालने के साथ ही 30 दिन के लिए एजुकेशनल, गेम्स और कल्चरल एक्टिविटी से बाहर किया गया है। 11 स्टूडेंट्स को 30 दिन के लिए हॉस्टल, 15 दिन के लिए एजुकेशनल और एक साल के लिए कल्चरल व गेम्स एक्टिविटी से बाहर किया गया है।



स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक उमेश कुमार शर्मा के लिए मुद्रक ताराचंद कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़, जयपुर से मुद्रित व 103, लक्ष्मीनगर, मंगोड़ी वालों की बगीची, ब्रह्मपुरी जयपुर, राज. से प्रकाशित।
सम्पादक: उमेश कुमार शर्मा **कार्यालय:** दैनिक सम्राट, आनंद सिटी गेट, तिलक हॉस्पिटल के पास, आगरा रोड, जयपुर। **मो.- 9950776350** (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा) आर.एन.आई नं.- RJHIN/25/A1928